


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 18 अप्रैल 2024 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-020 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 19 अप्रैल 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112







## संक्षेप

### बसपा ने रायपुर लोकसभा सीट से ममता को उतारा

**रायपुर,18 अप्रैल.**छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनाव में बसपा ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की है। चुनावी रण में बहुजन समाज पार्टी बीजेपी और कांग्रेस को टक्कर देगी। बसपा ने छत्तीसगढ़ के लिए एक और सूची जारी कर दी है। इसमें प्रदेश के तीन लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा है। रायपुर लोकसभा सीट से ममता रानी साहू, दुर्ग से दिलीप कुमार रामटेके और कोरबा से दूजराम बौद्ध को प्रत्याशी बनाया है।

### कांग्रेस प्रवक्ता शिशुपाल शोरी भाजपा में होंगे शामिल

**कांकेर,18 अप्रैल.**कांग्रेस के पूर्व विधायक, प्रदेश प्रवक्ता शिशुपाल शोरी आज भाजपा



ज्वाइन करेंगे, आज रायपुर में सीएम विष्णुदेव साय की मौजूदगी में भाजपा ज्वाइन करेंगे, शिशुपाल शोरी ने कांग्रेस छोड़ने की वजह पार्टी की खराब नीति और अनदेखी से आहत होकर भाजपा प्रवेश की कही बात, शिशुपाल ने बयान जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश को आदिवासी सीएम देकर आदिवासियों का मान बढ़ाया है। शिशुपाल शोरी के साथ आज बालोद क्षेत्र से भी कांग्रेस के कई लोग भाजपा प्रवेश करने जा रहे हैं। शिशुपाल शोरी ने कहा कि कांग्रेस में 10 साल तक निष्ठा से कार्य करने के बाद भी पार्टी में उनकी अनदेखी होती रही। लेकिन अब वो मन बना चुके हैं कि आम जनता के हित में काम करने वाली भाजपा के साथ जाकर लोगों की सेवा करेंगे।

### राज कुंद्रा की 97 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

**मुंबई,18 अप्रैल.** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा पर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने गाज गिरा दी है। राज कुंद्रा की 97




करोड़ रुपये की संपत्ति ईडी ने जब्त कर ली है. आज सुबह ईडी ने ये बड़ी कार्रवाई की है। कुंद्रा की जो संपत्तियां ईडी ने जब्त की हैं, उनमें शिल्पा शेट्टी का जुहू स्थित बंगला भी शामिल है। साथ ही पुणे में एक आवासीय बंगला और कुंद्रा के नाम पर इक्विटी शेयर भी ईडी ने जब्त कर लिए हैं। राज कुंद्रा के खिलाफ यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट यानी पीएमएलए, 2002 के तहत की गई है।

## चुनाव प्रक्रिया में पवित्रता होनी चाहिए

### वीवीपीएटी वेरिफिकेशन मामले में ईसीआई से सुप्रीम कोर्ट ने कही बड़ी बात




**नई दिल्ली,18 अप्रैल.**सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) से वकील प्रशांत भूषण के उस आरोप पर गौर करने को कहा कि केरल के कासरगोड में एक मॉक पोल के दौरान चार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए एक अतिरिक्त वोट दर्ज किया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में पवित्रता होनी चाहिए और किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि जो कुछ अपेक्षित है वह नहीं किया जा रहा है। ईसीआई के एक अधिकारी न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की एससी पीठ के समक्ष उपस्थित थे, जिसने ईवीएम और वीवीपीएटी के कामकाज को समझाते हुए वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल के साथ डाले गए वोटों के क्रॉस-सत्यापन की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की।

वीवीपीएटी एक ऐसी प्रणाली है जो मतदाताओं को यह सत्यापित करने की अनुमति देती है कि उनका वोट सही ढंग से डाला गया है और उस उम्मीदवार के लिए गिना गया है जिसे वे समर्थन देना चाहते हैं। वीवीपीएटी एक पेपर स्लिप तैयार करता है जिसे सुरक्षित रूप से संग्रहीत किया जाता है और किसी भी विवाद या विसंगतियों के मामले में इसका उपयोग किया जा सकता है।

ईवीएम को लेकर विपक्ष द्वारा उठाई गई चिंताओं और संदेहों के मद्देनजर, डाले गए प्रत्येक वोट के क्रॉस-सत्यापन की मांग करते हुए याचिकाएं दायर की गईं। चुनाव आयोग ने मंगलवार को कहा था कि अधिकारियों की एक टीम द्वारा एक ईवीएम के वीवीपैट पेपर ट्रेल के नमूना सत्यापन में लगभग एक घंटा लगता है। अगर नायडू जो चाहते हैं 50ज्ञ ईवीएम के वीवीपीएटी पेपर ट्रेल का सत्यापन है, तो चुनाव परिणाम की घोषणा में 5-6 दिनों की देरी हो सकती है।

### गाजा में बड़ा बम धमाका 11 लोगों की मौत

**नई दिल्ली,18 अप्रैल.** ईरान के साथ होने वाली जोरदार जंग की आशंकाओं के बीच इजरायल का गाजा में सैन्य ऑपरेशन जारी है. हमास के लड़ाकों के छिपने की वजह से आईडीएफ लगातार शरणार्थी शिविरों पर भी हमले कर रही है. ताजा हमला अल-मगाज़ी शरणार्थी शिविर पर किया गया है. इसमें 11 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है. इजरायल के इस हवाई हमले में शरणार्थी शिविर में मौजूद लोगों की मौत ने सभी को दहला दिया है. चश्मदीदों के मुताबिक उनके परिवार के कई लोग शिविर में मौजूद थे. बच्चे बाहर खेल रहे थे. तभी अचानक हवाई हमला हुआ. इस धमाके मे कई लोगों की जान चली गई. घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया. गाजा पर हुए इस ताजा हमले पर अब तक इजरायल

## 20 वर्षों से लॉन्च नहीं हो पा रहा कांग्रेस का राहुलयान : राजनाथ

**लखनऊ,18 अप्रैल.** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केरल में कहा कि राहुल गांधी पिछली बार अमेठी से चुनाव हार गए थे इसलिए इस बार उनमें वहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी उत्तर प्रदेश से केरल पलायन कर गए हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी 5 साल में गगनयान लॉन्च करने जा रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी के किसी युवा नेता की लॉन्चिंग पिछले 20 साल में नहीं हुई। कांग्रेस पार्टी का 'राहुलयान' न तो लॉन्च हो रहा है और न ही कहीं उतर रहा है। अपना हमला जारी रखते हुए राजनाथ ने कहा कि राहुल उत्तर प्रदेश से केरल चले गए हैं। पिछली बार वह अमेठी में चुनाव हार गये थे। इस बार वह अमेठी से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। लेकिन इस बार वायनाड की जनता ने भी मन बना लिया है कि वो राहुल को अपना सांसद नहीं बनाएंगे। राजनाथ ने यह भी कहा कि ष्ठस्न को आज गोल्ड स्मगलिंग लिए जाना



जाता है, और ष्ठस्न की पहचान सोलर पावर की लूट से होती है। इन्होंने सिर्फ़इकोनॉमिक करप्शन ही नहीं किया है बल्कि केरल की कल्चर को भी करप्ट करने की कोशिश की है। इस लूट को समाप्त करना है तो आपको बीजेपी को मज़बूत करना होगा। भाजपा उम्मीदवार अनिल के एंटनी के समर्थन में पथानामथिट्टा लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली में बोलते हुए, सिंह ने गांधी के राजनीतिक करियर में प्रगति की कमी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कांग्रेस का ÷राहुलयान÷ पिछले 20 वर्षों में शुरू नहीं हुआ है। सिंह ने कांग्रेस के दिग्गज नेता एके एंटनी की ईमानदारी और अनुशासन की सराहना करते हुए उनकी भी प्रशंसा की। हालांकि, उन्होंने एंटनी के इस बयान पर आश्चर्य व्यक्त किया कि अनिल एंटनी को लोकसभा चुनाव हारना चाहिए, उन्होंने उनसे किसी भी राजनीतिक मतभेद के बावजूद अपने बेटे को आशीर्वाद देने का आग्रह किया।

## ममता बनर्जी के भड़काऊ भाषण के कारण भड़की हिंसा

**कोलकाता,18 अप्रैल.** पश्चिम बंगाल के विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बुधवार को रामनवमी जुलूस के दौरान हुई झड़पों के लिए ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया, जिसमें चार लोग घायल हो गए। उन्होंने हिंसा की राष्ट्रीय जांच



एजेंसी (एनआईए) से जांच कराने की मांग की है। मुख्यमंत्री के भड़काऊ भाषण के कारण पश्चिम बंगाल राज्य में विभिन्न स्थानों पर राम नवमी जुलूसों को बाधित किया गया और उन पर हमला किया गया, जिससे उपद्रवियों को सफलतापूर्वक उकसाया गया। जिन्हें आश्वासन दिया गया था कि कानून प्रवर्तन एजेंसी उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करेगी क्योंकि उनके हाथ बंधे हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता ने एक्स पर पोस्ट किया कि गों का दिन बताने वाले रामनवमी पर सीएम के सार्वजनिक रुख के कारण ही ये देखने को मिला। सुवेंदु की टिप्पणी बंगाल में एक रैली में बनर्जी द्वारा दिए गए विवादास्पद बयान के संदर्भ में है। टीएमसी प्रमुख ने कहा कि अगर आप उन्हें (बीजेपी) 17 अप्रैल को नारेबाजी करते हुए देखते हैं, तो यह उनका (बीजेपी का) दंगा का दिन है। अधिकारी ने कहा कि मैंने माननीय राज्यपाल को एक पत्र लिखा है। डॉ. सी.वी. आनंद बोस ने उन्हें 17.04.2024 को रामनवमी के अवसर पर निकाले गए जुलूसों पर हुए हमलों के संबंध में अवगत कराते हुए उनसे बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया, साथ ही घटनाओं की जांच राष्ट्रीय स्तर पर एनआईए से कराने का अनुरोध किया।

## भाजपा की फेक न्यूज फैक्ट्री मेरे बयान को गलत तरीके से चला रही : श्रीनेत



बिलासपुर,18 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

न्यायधानी से लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव के नामांकन रैली में शामिल होने पहुंची कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने प्रेस कांफ्रेंस की. इस दौरान उन्होंने नक्सलियों को शहीद बताए जाने वाले बयान पर सफाई देते हुए बीजेपी पर जमकर निशाना साधा. कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा- 'भारतीय जनता पार्टी की फेक न्यूज़ फैक्ट्री मेरे बयान को गलत तरीके से चला रही है. साल 2013 में झीरम घाटी में हमने कांग्रेस के पूरे नेतृत्व को इन्हीं नक्सलियों के हाथ खोया था. क्या ऐसे नक्सलियों के साथ हमारी जरा सी भी सहानुभूति हो सकती है? कांग्रेस ने अपने दो-दो प्रधानमंत्री को हिंसा की बलिवेदी में चढ़ते हुए देखा है. प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी कुत्सित है, वे काट-छांट करमेरे बयान को चला रहे हैं.'

बता दें कि मंगलवार को कांकेर में पुलिस और बीएसएफ के जवानों ने मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को ढेर किया. इस मुठभेड़ पर कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने विवादित बयान दिया. सुप्रिया श्रीनेत से नक्सली मुठभेड़ और भूपेश बघेल के बयान के संदर्भ में सवाल किया गया. जिसपर उन्होंने कहा कि इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए मुझे लगता है कि इसकी गहन जांच होनी चाहिए और उन सब लोग जो शहीद हुए, हमारे कुछ सुरक्षा कर्मी भी घायल हुए हैं, उन सबको हमारी संवेदना है. इसमें कोई राजनीति का सवाल ही नहीं है. सुप्रिया श्रीनेत के इस बयान के बाद से सियासत गरमा गई है. सुप्रिया के बयान पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का ये निकृष्ट बयान लोकतंत्र पर प्रहार है, सुरक्षा बलों के मनोबल और पराक्रम पर प्रहार है, छत्तीसगढ़ और बस्तर की जनता पर प्रहार है. नक्सलियों को शहीद मानने वाली कांग्रेस ने 5 साल बस्तर में इसी मानसिकता से कार्य किया है. इसके अलावा बीजेपी नेता गौरव भाटिया ने X पर वीडियो शेयर कल लिखा- छत्तीसगढ़ में हमारे सुरक्षाबलों ने 29 नक्सली, जिनमें 2 तो 25-25 लाख के इनामी थे को मार गिराया. कांग्रेस की प्रवक्ता इन नक्सलियों को शहीद बता रही हैं. इसी को मानसिक और नैतिक दिवालियापन कहते हैं.

## नक्सलियों के खात्मे के लिए पहले कांग्रेस का खात्मा जरूरी : सीएम

**रायपुर,18 अप्रैल.** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दो टूक लहजे में कहा है कि नक्सलियों को शहीद बताने वाले, 29 नक्सलियों के मुठभेड़ में मारे जाने को फर्जी एनकाउंटर बताने वाले और मुठभेड़ की जाँच की मांग करने वाले कांग्रेसी अब यह साफ-साफ जान लें कि बस्तर की जनता विकास की समर्थक है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया कि नक्सलियों के खात्मे के लिए कांग्रेस का खात्मा जरूरी है और इसकी शुरुआत बस्तर की जनता कल 19 अप्रैल को करने जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट किया कि काँकेर मुठभेड़ को लेकर जिस तरह के बयान कांग्रेस नेताओं ने दिए हैं, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि नक्सलियों को पाल-पोसकर संरक्षण देने का काम कांग्रेस हमेशा करती रही है जो अब बस्तर की जनता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के निर्दोष बेटों के खून से बस्तर की धरती को लाल किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि



लोकसभा के इस चुनाव में कांग्रेस के सफाए के साथ प्रदेश की भाजपा सरकार नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने जा रही है। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व और मार्गदर्शन में बहुत जल्द छत्तीसगढ़ के नक्सलवाद से मुक्त कराएगी। श्री साय ने कहा कि नक्सलियों के सबसे सुरक्षित किले में घुसकर एक साथ 29 नक्सलियों को मार गिराना ऐतिहासिक सफलता है। नक्सलियों पर की गई यह सबसे बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक है।

## 60 हजार जवानों की सुरक्षा के साए में बस्तर में मतदान 19 को




रायपुर,18 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में बस्तर सीट पर 19 अप्रैल को होने वाले मतदान की चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले ने बस्तर में होने वाले चुनाव के लिए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देते हुए क्षेत्र के मतदाताओं से निष्पक्ष रूप से मतदान करने की अपील की है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले ने बस्तर में होने वाले प्रथम चरण के चुनाव की जानकारी देते हुए बताया कि 196 संवेदनशील मतदान केंद्र है, जिसकी सुरक्षा को लेकर चुनाव आयोग पूरी तरह सजग है. वहीं पूरे बस्तर में 300 कंपनियां तैनात की गई हैं. पिछले एक हफ्ते से 60 हजार जवान तैनात हैं.मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि बस्तर सीट से 11 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं, जिनके लिए 1961 मतदान केंद्र में मतदाता मतदान करेंगे. बस्तर लोकसभा में कुल 14 लाख 72 हज़ार 207 मतदाता हैं. लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 6 विधानसभाओं में सुबह 7 से 3 बजे तक, वहीं बस्तर और जगदलपुर में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा. वहीं 800 मतदान केंद्रों में वेब कास्टिंग की जाएगी.

### पांच साल की बच्ची के पेट से निकला बालों का गुच्छा

**उदयपुर,18 अप्रैल.** राजस्थान में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां एक माता-पिता अपनी पांच साल की बच्ची के भूख न लगने की समस्या से परेशान थे। वो बच्ची को लेकर डॉक्टरों के पास गए, डॉक्टरों ने जांच पड़ताल और एक्स-रे आदि किया तो मामला कुछ और ही निकला। बच्ची को ठीक करने के लिए डॉक्टरों ने ऑपरेशन किया, ऑपरेशन के दौरान बच्ची के पेट से जो चीज बरामद हुई उसके बारे में जानकार स्वजन भी चकित रह गए। बच्ची का ऑपरेशन डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में नौ डॉक्टरों की टीम ने किया और उसके पेट से आधा किलो बालों का गुच्छा निकाला। बच्ची के पेट से लेकर आंतों तक यह बालों का गुच्छा फैला हुआ था। इस वजह से बालिका को खाने-पीने से लेकर कई तरह तकलीफें हो रही थी। लगभग 40 मिनट तक चले ऑपरेशन के बाद अब बच्ची की हालत ठीक है।मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक डॉ. महेंद्र डामोर ने बताया कि 16 अप्रैल पांच साल की बालिका को उसके माता-पिता अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वरिष्ठ सर्जन डॉ. सुषमा यादव को बच्ची के माता-पिता ने बताया कि लड़की को भूख नहीं लगती।

## आखिर भाजपा कार्यकर्ता ही क्यों निशाने पर हैं: गृहमंत्री



रायपुर,18 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

बस्तर में नक्सलियों के भाजपा कार्यकर्ता की हत्या पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सवाल उठाया है. उन्होंने कहा कि मैं भी जानना चाहता हूं कि भाजपा कार्यकर्ता ही निशाने में क्यों हैं? यह नक्सलियों की कायरता है. हर व्यक्ति को सुरक्षा नहीं दी जा सकती हैं. हमारे जवान बस्तर में पूरी मजबूती से सामना कर रहे हैं.

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में बस्तर होने वाले चुनाव की तैयारियों पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सली घबराए हुए हैं, बदहवास हैं. उन्होंने फिर से हत्या की है. नारायणपुर में घर में घुसकर मारा है. सिविलियन को मार रहे हैं. दहशत फैलाना चाहते हैं, इसलिए ऐसा कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि मतदान में जितने सुरक्षा दल जा रहे हैं, वह सुरक्षित लौटकर आए, यह ईश्वर से प्रार्थना है. सबसे अपील है कि पुलिस के सभी निर्देशों को माने. अति उत्साह में कोई कुछ ना करें. जो सैनिक और सुरक्षाकर्मी हैं, वह भी अति उत्साह में ना आएं. नक्सलियों से संवाद के लिए समिति के गठित करने के विषय पर गृह मंत्री ने कहा कि समिति गठित करने की क्या आवश्यकता है. मैं स्वयं तैयार हूं. समिति को गठित करूं और वह बात करें ऐसी कोई औपचारिकता नहीं है. हम सीधे बात के लिए तैयार हैं. शांति बहाल होनी चाहिए. बस, यही एक भाव हमारी सरकार का है.

कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत के नक्सलियों को शहीद कहने पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पहले राज बब्बर ने भी कहा था. नक्सली जब मारे गए हैं, तो उन्हें लग रहे कि सब कुछ फर्जी हो रहे हैं. जिस समय विभाग ने कहा था 50 नक्सली मारे गए, उसी समय नक्सलियों ने भी प्रेस नोट जारी कर कहा था कि हमारे 50 आदमी शहीद हुए. नक्सली खुद इस बात को कह रहे हैं, और फिर भी कहा जाए कि फर्जी इनकाउंटर है, तो मैं समझ नहीं पा रहा हूं.

## बढ़ते अपराध के विरोध में सारंगढ़ बंद

**सारंगढ़,18 अप्रैल.** शहर मे एक माह के अंदर चाकूबाजी से दो युवाओं की हत्या से सारंगढ़ में जबरदस्त रोष देखने को मिल रहा है। बिगड़ चुकी कानून और व्यवस्था को लेकर चेंबर आफ कामर्स के आव्हान पर सारंगढ़ स्वस्फूर्त बंद रहा। एक भी दुकाने नही खुली। जिला मुख्यालय सारंगढ़ मे बढ़ते अपराध को लेकर अंचलवासियो मे आक्रोश व्याप्त है। कानून और व्यवस्था को लेकर जिला बनने के बाद पहली बार जिला मुख्यालय सारंगढ़ में बंद का आव्हान किया गया जो कि शतप्रतिशत सफल दिख रहा है। आम तौर पर शांत माने जाने वाले सारंगढ़ में लगातार अपराध बढ़ रहे है। अपराधियो के बुलंद हौसले का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एक माह मे ही यहा पर शहर भीतर चाकूबाजी से दो युवाओ की खुलेआम हत्या कर दिया गया। खास बात यह है कि अपराधी सोशल मिडिया मे खुलेआम अपराध और हथियार का फोटो-विड़ियो शेयर करके धमकी दे रहे है कि कई और शिकार अभी बाकि है। वही अपराध और अपराधियो पर लगाम लगाने में पुलिस असक्षम साबित हुई है और अपराधियो मे किसी भी प्रकार का भय या डर नही है। पुलिस का अपराधियो के प्रति नरम रवैया का असर यह हुआ है कि अपराधियो से जेल मे मुलाकाती समय का भी विड़ियो सोशल मिडिया मे डालकर एक दूसरे का उत्साह बढ़ा रहे है। वही चाकू-बंदूक के साथ ग्रुप फोटो शेयर करके शहर मे दहशतगर्दी का माहौल पैदा करना चाह रहे है। ऐसे तत्वो पर लगाम लगाने मे सारंगढ़ पुलिस असक्षम साबित हो गई है। इन्ही बातो को लेकर सारंगढ़ चेंबर आफ कामर्स की ओर से आज सारंगढ़ बंद का आव्हान किया गया जो कि शतप्रतिशत सफलता की ओर है। व्यापारियो और फुटकर व्यापारियो ने स्व-स्फूर्त अपनी प्रतिष्ठान बंद कर कानून और व्यवस्था के विरोध मे अपना सर्मथन प्रदान किया। वही




सुबह से ही सब्जी बेचने वाले फुटकर विक्रेताओ से लेकर बड़े होटल और दिन-चर्या के सामानो के विक्रेताओ ने दुकाने नही खोली। सारंगढ़ नगरपालिका क्षेत्र के जयस्तंभ चौक, सदर रोड़, मेन रोड़, आजाद चौक, नंदा चौक, नगर पालिका रोड़, रायपुर रोड़,बिलासपुर रोड़, धर्मशाला गली, पुराना मछली बाजार रोड़, दुर्गा मंदिर रोड़, वीरांगना काम्लेक्स, बस स्टैंड, भारतमाता चौक, रायगढ़ रोड़, गौरवपथ, प्रतापगंज, बिलासपुर रोड़, रानीसागर, कालेज रोड़, टाकीज चौक, बीरपारा, जेलपारा, तुर्की तालाब रोड़, जनपद पंचायत रोड़, पोस्टआफिस चौक, बनिया पारा, फुलझरिया पारा, कचहरी चौक, कलेक्टोरेट चौक, दैनिक सब्जी बाजार सहित सभी स्थानो पर छोटी-मोटी पसरा दुकान से लेकर बड़े-बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान शतप्रतिशत बंद रहे। अतिआवश्यक सेवाओ को छोड़कर इस बंद मे हर वर्ग ने अपनी सहभागिता निभाई है। युवाओ से लेकर वरिष्ठो ने भी इस बंद को अपना सर्मथन देकर सारंगढ़ में बिगड़ रही कानून और व्यवस्था को लेकर अपना आक्रोश जाहिर कर दिया है।

## रिटायर्ड आईएएस मुकेश गुप्ता को हाईकोर्ट ने दी राहत

**बिलासपुर,18 अप्रैल.** रिटायर्ड आईएएस मुकेश गुप्ता के खिलाफ की जा रही लोक आयोग की कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। आयोग को उनके विरुद्ध दर्ज प्रकरण निरस्त करने का आदेश दिया है। साथ ही शिकायतकर्ता माणिक मेहता को छूट दी है कि वे नए सिरे से विधिवत शिकायत दर्ज करा सकते हैं। गुप्ता के खिलाफ मेहता ने सन् 2020 में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने मिक्की मेहता मेमोरियल ट्रस्ट के नाम पर राज्य शासन से तीन करोड़ रुपये का अनुदान लिया। अनुदान की राशि से गरीबों को मोतियाबिंद के मुफ्त ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध करानी थी लेकिन गुप्ता ने इसका इस्तेमाल अपना लोन पटाने के लिए किया। ट्रस्ट ने एमजीएम नेत्र संस्थान भवन के लिए एसबीआई बैरन बाजार, रायपुर शाखा से तीन करोड़ 10 लाख रुपये का लोन लिया था। लोक आयोग के अलावा



माणिक मेहता ने ईओडब्ल्यू में भी शिकायत की थी, जिस पर मुकेश गुप्ता उनके ट्रस्टी पिता जयदेव गुप्ता तथा डायरेक्टर डॉ. दीपशिखा अग्रवाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 406 तथा 120 (बी) के तहत अपराध दर्ज किया था। लोक आयोग में दर्ज शिकायत की वैधानिकता को लेकर गुप्ता की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद लोक आयोग को उनका प्रकरण निरस्त करने का आदेश दिया है।

एक नजर

## सोजल एवं रितिक प्रथम

राजनांदगांव,18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धामनसरा में कक्षा 9वीं तथा 11वी वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित प्रचार्य अजय मसीह तथा



परीक्षा प्रभारी संजीव शर्मा ने घोषित किया कक्षा नौवीं में सोजल साहू 84%5 प्रथम दीक्षा साहू 81%8 द्वितीय दुर्गेश्वरी वैष्णव 80% तृतीय स्थान रहा कक्षा नौवीं में 140 छात्र छात्राओं रहा जिसमें 104 उत्तीर्ण पूरक 18 अनुत्तीर्ण 18 कक्षा ग्यारहवीं में रितिक प्रथम कुंदन पवार द्वितीय उर्वशी चंद्राकर तृतीय स्थान प्राप्त किया कक्षा ग्यारहवीं में कुल 84 छात्र छात्राओं में उत्तीर्ण 60 पूरक 16 अनुत्तीर्ण 8 छात्र छात्राओं रहा कक्षा शिक्षक धनंजय साकुरे सतीष गुप्ता संतोष कुमार देशमुख संतोष कुमार ठाकुर सुभाष साहू नेहा श्री वास्तव तेजेश्वरी साहू स्वाती शुक्ला प्रीतम साहू वर्षा श्रीवास्तव रंजनी साहु विजय साहु पूर्व जनपद सदस्य योगेन्द्र दास वैष्णव जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव सरपंच लोकेश गंगवीर छात्र छात्राओं उपस्थित रहा सभी उत्तीर्ण शुभकामनाएं दी तथा पूरक अनुत्तीर्ण छात्र छात्राओं कड़ी मेहनत करने सलाह दिया

## होम वोटिंग के लिए मतदान अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

राजनांदगांव ,18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर में जाकर मतदान कराने के लिए आज मतदान अधिकारियों को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा उपस्थित थे। अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने बताया कि जिले में कुल 212 लोगों से आवेदन प्राप्त हुआ है। जिनके मतदान के लिए 17 मतदान दलों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि मतदान दलों द्वारा प्रारूप 12 घ में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओं के घर पर जाकर 18 एवं 19 अप्रैल 2024 को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होम वोटिंग कराई जाएगी। प्रत्येक दल में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, माइक्रोऑब्जर्वर, पुलिस कर्मी एवं वीडियोग्राफर होंगे। 18 अप्रैल को होम वोटिंग कराने के लिए मतदान दल सुबह 8 बजे रवाना होगी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने बताया गया कि मतदान दल चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराएंगे। इसके लिए सबसे पहले मतदाता का परिचय पत्र एपिक कार्ड या अन्य वैकल्पिक दस्तावेज के द्वारा पहचान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके बाद मतदाता को मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। मतदाता की बायीं तर्जनी में अमिट स्याही लगायी जाएगी तथा अनुलग्नक दो में उसका हस्ताक्षर भी लिया जाएगा। फिर मतदाता को मतपत्र प्रदान किया जाएगा। जिसमें मतदाता अपने पसंद के अभ्यर्थी को पेन से सही अथवा क्रास का निशान लगाकर मतदान करेगा और मतपत्र को नियमानुसार मोड़कर लिफाफा 13 बी में डालेगा और गोंद से चिपका लिया जाएगा। मतदान करते समय इसकी गोपनीयता का ध्यान रखा जाना आवश्यक है। प्रशिक्षण में बताया कि मतदाता को प्रारूप 13 ए घोषणा पत्र में भी हस्ताक्षर कराया जाएगा। फिर मतपत्र का लिफाफा 13 बी और घोषणा पत्र को बड़े लिफाफे 13 सी में डालकर गोंद से चिपका दिया जाएगा। अंत में इस बड़े लिफाफे को सीलबंद मतपेटी में डाल दिया जाएगा। प्रशिक्षण में यह भी बताया कि इन सभी प्रक्रियाओं की वीडियोग्राफी भी कराई जाए। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी शंकाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण श्री बीएल ठाकुर, मास्टर ट्रेनर श्री दीपक ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जांच में विजिलेंस टीम को 2700 टन कोयला कम मिला

अंबिकापुर, 17 अप्रैल। एसईसीएल के रेहर भूमिगत खदान परियोजना में कोयला घोटाला की पांच दिनों तक जांच करने के बाद सीबीआई की टीम वापस लौट गई। इस दौरान दस्तावेजों की जांच व संबंधित अधिकारियों के बयान दर्ज किए गए। जुलाई 2022 में घोटाला सामने आया था। तब कंपनी की विजिलेंस टीम ने रेहर खदान के कोल स्टॉक की जांच में 2700 टन कोयला कम पाया था। बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की पुष्टि हो जाने के बाद विजिलेंस टीम खदान के दस्तावेजों को जब्त कर अपने साथ ले गई थी।

# कांग्रेस की घोषणाएं ,महिलाओं के साथ भद्दा मजाक

रायपुर,18 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

बिलासपुर की पूर्व महापौर वाणी राव, महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय सचिव व महासमुंद की पूर्व नपा अध्यक्ष अनिता रावटे, महासमुंद की जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा पटेल और अरुणा शुक्ला ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि कांग्रेस ने सदैव महिलाओं के साथ छल करके केवल वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने का राजनीतिक चरित्र प्रदर्शित किया है। भाजपा नेत्रियों ने कहा कि कदम-कदम पर महिलाओं के साथ छल और विश्वासघात कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। महिलाओं के लिए जितने भी वादे किए, एक भी वादा पूरा नहीं किया और जो 500 रु महिलाओ को नहीं दे पाए आज बड़ी बड़ी घोषणाएं कर रहे है कांग्रेस एक बार फिर महिलाओं के साथ भद्दा मजाक कर रही है।

महिला नेत्रियों श्रीमती राव, श्रीमती रावटे, श्रीमती पटेल व श्रीमती शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जिस कांग्रेस की भूपेश सरकार ने महिलाओं को 500 और 1,000 रुपए देने का वादा करके एक रुपया तक पूरे पाँच साल के शासनकाल में नहीं दिया, वह कांग्रेस अब देशभर की महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने की बात किस मुँह से कर रही है? कांग्रेस देश को यह बताए कि महिलाओं को 50 लाख करोड़ रुपए सालाना वह कैसे देगी, जबकि देश का कुल बजट ही इतनी राशि का होता है। भारतीय जनता पार्टी के एकात्म परिसर स्थित कार्यालय में बुधवार को आहूत पत्रकार वार्ता में भाजपा नेत्रियों ने कहा कि कांग्रेस ने 2018 के चुनाव में जब गंगा मैया की सौगंध खाकर महिलाओं से धोखा किया, तभी मन में आ गया था कि इस पार्टी



में नहीं रहना है। कांग्रेस ने गंगाजल की सौगंध लेकर प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी का वादा किया था, पर कांग्रेस की भूपेश सरकार को ही शराब की लत लग गई। शराबबंदी के नाम पर महिलाओं के साथ विश्वासघात करने वाली कांग्रेस की सरकार ने उसमें दो हजार करोड़ रुपए का घोटाला तक कर डाला। कांग्रेस ने महतारी सम्मान योजना के तहत प्रतिमाह 500 रुपए और विधवा व वृद्ध महिलाओं को 1,000 रुपए देने का वादा किया था लेकिन पाँच साल में एक रुपया तक महिलाओं को नहीं दिया गया। भाजपा नेत्रियों ने कहा कि इससे अधिक शर्मनाक और क्या हो सकता है कि कांग्रेस ने महिला स्व-सहायता समूहों का कर्ज माफ करने तथा महिला स्व-सहायता समूहों को धोखाधड़ी से बचाने एवं आर्थिक स्थिति सुधारने हेतु सख्त नियम बनाने की बात कही थी लेकिन उन समूहों का कर्ज माफ तो किया नहीं, उल्टे रेडी टू ईट योजना का काम छीनकर इस कार्य में लगी महिलाओं को रातोरात बेरोजगार कर दिया। प्रदेश में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को कांग्रेस सरकार ने भुगतान नहीं किया और उनके द्वारा निर्मित उत्पादों को भी सही ढंग से नहीं बेचा। भाजपा नेत्रियों श्रीमती राव, श्रीमती रावटे, श्रीमती पटेल व श्रीमती शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ने राज्य में महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त कर महिलाओं के संरक्षण के लिए कानून का सख्ती से पालन कराने और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों को गम्भीरता से लेकर अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही थी और वादा किया था कि प्रत्येक थाने में एक महिला सेल स्थापित किया जाएगा जिसमें महिला अपराधों से सम्बन्धित स्वतंत्र जाँच की जाएगी। लेकिन कांग्रेस के पूरे पाँच साल के कार्यकाल में महिलाओं के साथ अनाचार, दुर्व्यवहार और हिंसा होती रही और कांग्रेस की सरकार आँखें मूंदे बैठी रही, कांग्रेस के नेता जुमलेबाजी और अवांछनीय बयानबाजी करते रहे। कांग्रेस की सरकार ने है हर ग्रामीण परिवार को प्रतिवर्ष 4 सिलेंडर मुफ्त देने की बात कही थी कुल 20 सिलेंडर दिए जाने थे लेकिन किसी को कुछ नही मिला।

# होम वोटिंग के लिए मतदान अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

- चिन्हांकित 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग मतदाता होम वोटिंग के जरिए करेंगे मतदान
- जिले के चिन्हांकित बुजुर्ग एवं दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओं के लिए होम वोटिंग

राजनांदगांव ■ तरुण छत्तीसगढ़

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर में जाकर मतदान कराने के लिए आज मतदान अधिकारियों को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा उपस्थित थे। अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने बताया कि जिले में कुल 212 लोगों से आवेदन प्राप्त हुआ है। जिनके मतदान के लिए 17 मतदान दलों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि मतदान दलों द्वारा प्रारूप 12 घ में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओं के घर पर जाकर 18 एवं 19 अप्रैल 2024 को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होम वोटिंग कराई जाएगी। प्रत्येक दल में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, माइक्रोऑब्जर्वर, पुलिस कर्मी एवं वीडियोग्राफर होंगे। 18 अप्रैल को होम वोटिंग कराने के लिए मतदान दल सुबह 8 बजे रवाना होगी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने बताया गया कि मतदान दल चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराएंगे। इसके लिए सबसे पहले मतदाता का परिचय पत्र एपिक कार्ड या अन्य वैकल्पिक दस्तावेज के द्वारा पहचान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके बाद मतदाता को मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। मतदाता की बायीं तर्जनी में अमिट स्याही लगायी जाएगी तथा अनुलग्नक दो में उसका हस्ताक्षर भी लिया जाएगा। फिर मतदाता को मतपत्र प्रदान किया जाएगा। जिसमें मतदाता अपने पसंद के अभ्यर्थी को पेन से सही अथवा क्रास का निशान लगाकर मतदान करेगा और मतपत्र को नियमानुसार मोड़कर लिफाफा 13 बी में डालेगा और गोंद से चिपका लिया जाएगा। मतदान करते समय इसकी गोपनीयता का ध्यान रखा जाना आवश्यक है। प्रशिक्षण में बताया कि मतदाता को प्रारूप 13 ए घोषणा पत्र में भी हस्ताक्षर कराया जाएगा। फिर मतपत्र का लिफाफा 13 बी और घोषणा पत्र को बड़े लिफाफे 13 सी में डालकर गोंद से चिपका दिया जाएगा। अंत में इस बड़े लिफाफे को सीलबंद मतपेटी में डाल दिया जाएगा। प्रशिक्षण में यह भी बताया कि इन सभी प्रक्रियाओं की वीडियोग्राफी भी कराई जाए। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी शंकाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण श्री बीएल ठाकुर, मास्टर ट्रेनर श्री दीपक ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कान्फ्लुएंस कॉलेज में किया गया स्वीप कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव 18 अप्रैल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत युवा, महिला एवं सभी वर्ग के मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में कान्फ्लुएंस कॉलेज राजनांदगांव में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह ने कॉलेज के युवा विद्यार्थियों सहित समस्त स्टाफ को मतदान के महत्व को बताया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज के सभी विद्यार्थियों और स्टाफको मतदाता शपथ दिलाई। उन्होंने युवा विद्यार्थियों से मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

# महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं का सम्मान

डोंगरगढ़/मुढीपार ,18 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पाड़ादाह मंडल में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व पाडादाह मंडल के प्रभारी रामजी भारती के नेतृत्व में महतारी वंदन समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर उज्जवला गैस जनधन योजना प्रधानमंत्री आवास योजना महतारी वंदन योजना सहित डबल इंजन सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित महिलाओं का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री व पूर्व विधायक रामजी भारती ने महिलाओं को महतारी वंदन योजना सहित सरकार की अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया उन्होंने बताया कि हमारी सरकार मातृत्व शक्ति को बढ़ावा देने का काम कर रही है उनके ही नाम पर बैंक में खाता खोला गया महिलाएं ही घर की देखभाल करती हैं बच्चों की पढ़ाई लिखाई व घर के प्रत्येक



सदस्य के इलाज सहित घर के अन्य छोटे-छोटे कार्य महिलाओं के द्वारा ही संपादित हो रहे हैं उनके सम्मान में हमारी सरकार ने महतारी वंदन योजना लाई है जिससे उन्हें प्रतिमाह एक हजार रुपए मिल रहे हैं ऐसी महिलाओं का सम्मान जिसमें स्वा सहायता समूह की महिलाएं सहित अन्य लाभार्थी महिलाएं शामिल हैं उन्हें परिवार से हम जोड़ने का काम कर रहे हैं लाभार्थी महिलाओं का सम्मान समारोह हरशक्ति केंद्र में हो रहा है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने संपूर्ण भारतवर्ष की महिलाओं के अस्तित्व को बढ़ावा दिया है। आज महिलाएं सम्मान के साथ अपने घर की देखभाल कर रही हैं । कार्यक्रम को सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिन्हा क्षेत्र के प्रभारी भागवत शरण सिंह पूर्व सरपंच गौस मोहम्मद भाजपा नेता कमलेश भदोरिया गोरेलाल वर्मा रेखा देवदास वंदना टांडेकर संतोष देवांगन सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महिला मोर्चा की श्रीमती रेखा देवदास भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती वंदना टाडेकर मंत्री एवं आईटीसल जिला महिला मोर्चा श्रीमती वंदना वर्मा जनपद सदस्य श्रीमती नंदनी बंजारे पूर्व महामंत्री श्रीमती हेमिन लौतरे पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती ममता वर्मा श्रीमती उषा वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्राम की महिलाएं भी जुटीं। मूल रूप से महतारी वंदन सम्मान समारोह आयोजित कर भाजपा अपने पक्ष में माहौल बना रही है श्री भारती इस दिशा में पूरे मंडल में सक्रियता के साथ इस लाभार्थी सम्मान समारोह को आयोजित करने में लगे हैं।

# सावधानी ही डेंगू से बचाव है : कलेक्टर

राजनांदगांव ,18 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ होने के साथ ही विभिन्न बीमारियों के फैलने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने विगत वर्ष के सभी डेंगू प्रकरण की मैपिंग कर सोर्स रिडक्शन की कार्रवाई करने कहा। कलेक्टर ने डेंगू प्रकरण वाले क्षेत्रों में इंडेक्स एडिस लार्वा शून्य निर्देशित नहीं होने तक लगातार सोर्स रिडक्शन करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी डेंगू एवं मलेरिया सकारात्मक प्रकरण का कान्टेक्ट सर्वे, आरएफएस एक्टीविटी, आईईसी, बीसीसी एक्टीविटी एवं फलोअप लेने कहा।

कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से डेंगू से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि डेंगू का मच्छर आम मच्छरों से अलग होता है और यह दिन की रोशनी में काटता है। ऐसे में घर और आसपास मच्छरों को पनपने नहीं दें। कूलर में पानी जमा होने से उसमें डेंगू का लार्वा पनपने का खतरा रहता है। कूलर का उपयोग नहीं होने पर उसका पानी खाली कर दें एवं जो कूलर चालू है, उसे प्रति सप्ताह खाली कर साफ कर भरे, घर की छत पर रखें गमलों या अन्य चीजों में पानी जमा हो तो उसे तुरंत खाली करना चाहिए, क्योंकि इसमें डेंगू लार्वा पैदा हो सकते हैं। घरों के आसपास या गड्ढों में पानी जमा नहीं होने दें एवं जमा पानी के गड्ढे में जला हुआ तेल डाल दें, जिससे ऑक्सीजन नहीं मिलने के कारण मच्छर के लार्वा नष्ट हो जाता है, मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें। घर के दरवाजो में जाली लगवाएं, पैरों में मोजे पहने एवं दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। डेंगू से बचाव ही सावधानी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि डेंगू पर नियंत्रण के लिए विकासखंड छुरिया, डोंगरगढ़, घुमका, डोंगरगांव के उपकेन्द्रों में नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा का लक्ष्य लेकर लगातार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

## अवैध देशी दारू महाराष्ट्र निर्मित शराब बिक्री करते हुए आरोपी को किया गया गिरफ्तार

राजनांदगांव,18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में जिले में चलाये जा रहे अवैध नशीले पदार्थ के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत आज दिनांक 17.04.2024 को ग्राम सीतागोटा गैस गोदाम के पास महाराष्ट्र निर्मित देसी दारू संतरी अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है की सूचना पर हमराह स्टाफ व गवाहों के शराब रेड कार्यवाही किया गया



आरोपी लोकचंद चौधरी उर्फ ललिया के कब्जे से एक काले रंग के बैग में रखे 48 पौवा देशी दारू संत्री महाराष्ट्र निर्मित शराब प्रत्येक पौवा में 180 एमएल भरी हुई कल 08 लीटर 640 रू प्रत्येक पौवा की कीमत ?70 कुल शराब की कीमत 3360 रुपए एवम बिक्री रकम 140 रूपये जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत वैधानिक कार्यवाही कर आरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया।

## रामनवमी पर सोनकर समाज ने निकाली राम लला की शोभायात्रा

डोंगरगांव ,18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)। ग्राम खुज्जी में सोनकर समाज के लोगों के द्वारा राम नवमी के पावन अवसर पर स्थानीय सोनकर समाज के धर्म शाला में भगवान राम की विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात भव्य शोभा यात्रा एवम कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा का ग्राम भ्रमण में लोगों ने जगह जगह स्वागत कर भगवान राम की पूजा अर्चना की ,यात्रा



समापन के बाद ग्रामीणों ने भोजन भंडारा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। उक्त धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में, सोनकर समाज के अध्यक्ष तखत सोनकर ,राधेश्याम कमरिया बसन्त कमरिया,जगत सोनकर,राम रतन सोनकर,शिव सोनकर,दुर्गेश सोनकर, जागेंद्र सोनकर सहित समाज के युवाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## युवीन पोर्टल के माध्यम से टीकाकरण कार्यक्रम का हुआ डिजिटाइजेशन

राजनांदगांव ,18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)। युवीन पोर्टल के माध्यम से गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों के नियमित टीकाकरण कार्यक्रम का डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। कोविड वैक्सीनेशन पोर्टल की तर्ज पर बनाए गए युवीन पोर्टल में 0 से 2 वर्ष के बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत लगाए गए सभी टीकों की ऑनलाइन एंट्री युवीन मोबाइल प्लेटफार्म के माध्यम से हो रही है। जिससे सभी हितग्राहियों की ट्रैकिंग सही समय पर हो पाएगी तथा हितग्राही का रिकॉर्ड डिजिटल माध्यम से सुरक्षित हो जाएगा। जिससे भारत में कहीं भी हितग्राही अपना टीकाकरण करवाकर गंभीर जानलेवा बीमारियों से बच सकते हैं। उल्लेखनीय है कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्रों तथा टीकाकरण सत्रों में निःशुल्क टीकाकरण किया जाता है। संशोधित राष्ट्रीय टीकाकरण सारणी अनुसार गर्भावस्था के दौरान टीडी का टीका तथा शिशु के जन्म के तुरंत बाद हेपेटाइटिस बी, पोलियो बीसीजी का टीका, जन्म के 6 सप्ताह पर पोलियो रोटावायरस एफआईपीवी पीसीवी पेंटावेलेंट, जन्म के 10 सप्ताह पर पोलियो रोटावायरस पेंटावेलेंट, जन्म के 14 सप्ताह पर पोलियो रोटावायरस एफआईपीवी पीसीवी पेंटावेलेंट, जन्म के 9 माह में विटामिन ए मीजल्स रूबेला पीसीवी, जन्म के 14 से 24 महीने पर विटामिन ए पोलियो मीजल्स रूबेला डीपीटी तथा 5 वर्ष पर डीपीटी, 10 व वर्ष 16 वर्ष पर टीडी बूस्टर की खुराक दी जाती है। सभी हितग्राहियों से नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र अथवा टीकाकरण सत्र में अपने शिशु को नियमित रूप से टीके की खुराक अवश्य दिलाने की अपील करते हुए कहा गया है कि गंभीर जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा कवच बनाएं। टीकाकरण सत्र में जच्चा बच्चा सुरक्षा कार्ड (एमसीपी कार्ड) आवश्यक रूप से लेकर जाएं एवं प्राप्त खुराक की एंट्री कराए। नियमित टीकाकरण समस्त स्वास्थ्य केंद्रों एवं टीकाकरण केंद्र में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार में महिला व पुरूष स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन की उपस्थिति में संपादित किया जाता है। नियमित टीकाकरण से बच्चों एवं गर्भवती माताओं को जानलेवा बीमारियों से बचाया जा सकता है।

## पूरे भारत वर्ष में सांस्कृतिक धरोहरों का विकास मोदी सरकार की प्राथमिकता : संतोष पांडे

राजनांदगाँव,18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे पिछले दो दिनों से कबीरधाम जिले के सुदूर अंचलों का व्यापक दौरा करने के पश्चात आज फिर जिले में आकर डोंगरगाँव विधानसभा क्षेत्र में गाँव-गाँव गली-गली घूमकर एक बार फिर - मोदी सरकार बनाने की अपील की। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी के अवसर पर संसदीय क्षेत्र की जनता को



रामनवमी राम जन्मोंत्सव की बधाई देते हुए कहा कि पूरे भारत वर्ष में सांस्कृतिक धरोहरों का विकास मोदी सरकार की प्राथमिकता में हैं। आज अयोध्या में 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद वह शुभ दिन आया हैं जब भगवान श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर में पहला जन्मोंत्सव मनाया गया। श्री पांडे ने कहा कि सदियों बाद आज रामनवमी को अभिजीत मुहूर्त में श्री रामलला का राजोपचार पूजन हुआ, आज तड़के ही उतिष्ठ राघवम् कहकर रामलला को जगाया गया, चांदी सोने के रथ, हाथी,घोड़े, अस्त्र-शस्त्र उन्हे समर्पित किया गया। वाध्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के बीच नृत्य व गीत हुआ, वेदों पुराणों का पाठ हुआ, भगवान के जन्मोंत्सव के पश्चात चार वेदों की सभी शाखाओं का पाठ सुनाया गया। सोने-चांदी के बर्तनों में 106 प्रकार के भोग अर्पित हुए, सबसे खास अवससर श्री रामलला के सूर्याभिषेक का हुआ, ठीक 12 बजकर 16 मिनट पर श्री रामलला के माथे पर सूर्य की किरणों ने चार मिनट तक सूर्य तिलक किया। ऐसा नयनाभिराम दृश्य पूरे संसार ने देखा जिससे करोड़ों राम भक्तों का सीना गर्व से चौड़ा हो रहा हैं। श्री पांडे ने आगे कहा की सनातन के इस वैभव के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि का ही परिणाम था जो विवाद पिछले 500 वर्षों से अनसुलझा हुआ था तमाम प्रयासों के बावजूद हल नहीं हो रहा था। जिसे मोदी जी ने सहजता से हल करके देश का गौरव बढ़ाया।

जिले में पलायन करने वाले श्रमिकों को मतदान के लिए प्रेरित करने अनोखी तरकीब

# 26 तारीख के मतदान हे, तै ह 24 तारीख के गाड़ी म बइठ जाबे....

राजनांदगांव ,18 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

जिले में पलायन करने वाले श्रमिक परिवारों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु स्वीप अंतर्गत अनोखी तरकीब निकाली गई है। पलायन करने वाले परिवारों को वीडियो कॉलिंग के माध्यम से 26 अप्रैल मतदान दिवस के दिन वापस घर आकर मतदान करने की गुजारिश की जा रही है। बीएलओ द्वारा मतदान पर्ची घर-घर जाकर दिया जा रहा है। इस सर्वे के दौरान पलायन करने वाले ऐसे मतदाताओं का चिन्हांकन किया गया है। स्नेह एवं अपनत्व के महौल में बीएलओ न केवल घर का हाल चाल पूछ रहीं हैं, बल्कि 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए आमंत्रित कर रहीं हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वीप अंतर्गत मतदान जागरूकता के लिए विविध आयोजन किए जा रहे हैं तथा व्यापक स्तर पर स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में मतदान जागरूकता के लिए स्वीप टीम द्वारा ऊर्जा एवं उत्साह के साथ कार्य किया जा रहा है।

जिले में पलायन करने वाले श्रमिक परिवारों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु अनोखी तरकीब के अंतर्गत वीडियो कॉलिंग करते हुए मतदान करने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। उन्हें प्रत्यक्ष रूप से फोन करने का असर यह रहा है कि उनमें यह भावना जागृत हुई है कि वोट की कीमत है और हमें अपने अमूल्य वोट का प्रयोग करने अपने गांव-घर जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ी भाषा में बातचीत करते हुए बीएलओ ने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बेंदरकट्टा निवासी श्रीमती गैंदीबाई निषाद को फोन लगाकर कहा कि पलायन म गे हो कमाये खाये बर, त लोकसभा चुनाव म वोट दे बर 26 अप्रैल के आ जाहू। दुनो झन पति-पत्नी साथ म आहू। पर्ची ला घर म काकी मन ला दे दे हो। आज बात हो गिस घर के अउ चुनाव के। श्रीमती गैंदीबाई निषाद ने 26 अप्रैल को मतदान के लिए गांव आने की सहमति दी। बीएलओ ने डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बम्हनीभांठा के श्री धर्मेन्द्र यादव को आग्रह करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव हे। 26 तारीख के मतदान हे, तै ह 24 तारीख के गाड़ी म बइठ जाबे, बहु मन ला साथ म लाबे। बीएलओ ने इसी तरह ग्राम बम्हनीभांठा के श्री कैलाश को वीडियो कॉलिंग के माध्यम से कहा कि कइसे हस। 26 तारीख के मतदान करे बर आना हे बाबू। फिर चले जाहू। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मुरमुंदा, छुरिया विकासखंड के ग्राम, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बगई, रेंगाकठेरा, रीवागहन, पेंडरापानी, खुज्जी, जंतर, मोहड़, अर्जुनी, कोनारी, आसरा, रामपुर, भरेठा नवागांव, राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम रवेली, अंजोरा सहित विभिन्न ग्रामों में बीएलओ द्वारा सक्रियतापूर्वक वीडियो कॉलिंग किया जा रहा है। वहीं विवाह वाले घर में मतदाता शपथ दिलाई जा रही है।



## संपादकीय

# साय के समय असंभव हुआ संभव

हर नेता का एक समय होता है, उसे बड़े बड़े काम करने का मौका मिलता है। असंभव को संभव करने का मौका मिलता है। जो नेता ऐसा कर लेता है, जिस नेता के समय ऐसा किया जाता है तो श्रेय तो उस नेता को ही मिलता है क्योंकि यह समय उसका है, यह उसके शासनकाल में हुआ। मौके तो बहुत से नेताओं को मिलते है लेकिन सफल वही होता है जो असंभव को संभव कैसे किया जा सकता है,सोचता है, जो असंभव को असंभव को नहीं मानता है। ऐसे नेता है देश के पीएम नरेंद्र मोदी। उन्होंने ऐसे काम किए हैं, उनके समय में ऐसे काम किए गए हैं जिन्हें दूसरे नेता असंभव मानते थे, संभव ही नहीं मानते थे। पीएम मोदी ने इस देश के नेताओं को सबक सिखाया है कि असंभव कुछ नहीं होता है, उसे करने का तरीका आना चाहिए। कोई कल्पना नहीं करना था कि कश्मीर से धारा-370 को हटाया जा सकता है, कोई कल्पना नहीं करता था इस देश में राम मंदिर अयोध्या में बन सकता है। दोनों असंभव काम मोदी के समय किए गए हैं।पीएम मोदी की तरह ही साय के समय में एक असंभव काम हुआ है,कोई सोचता नहीं था कि छत्तीसगढ़ में कभी जवान 29 नक्सलियों को एक साथ मार सकते हैं लेकिन सीएम साय के समय यह किया गया है तो इसका श्रेय तो सीएम साय को जाएगा ही। जब भी छत्तीसगढ़ से नक्सलियों के सफाए का इतिहास लिखा जाएगा तो उसमें सुनहरने अक्षरों में लिखा जाएगा कि साय के समय वह काम हुआ जो दूसरे किसी सीएम के समय संभव ही नहीं माना जाता था। यह काम तो रमन सिंह के समय भी हो सकता था, यह काम तो अजीत जोगी के समय भी हो सकता था। यह काम तो भूपेश बघेल के समय भी हो सकता था लेकिन इन लोगों के समय न तो नेता इसे संभव मानते थे और नही पुलिस व अर्ध सैन्य बल के जवान इसे संभव मानते थे। कोई संभव मानता नहीं था इसलिए यह संभव ही नहीं हुआ।

साय सरकार बनने के बाद अमित शाह ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान कहा था कि देश के 70 प्रतिशत इलाकों से नक्सलियों का सफाया कर दिया गया है दो तीन साल में इनका पूरा सफाया कर दिया जाएग। इसी के साथ छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया कैसे किया जा सकता है, इस पर काम शुरू हो गया थ। साय ने भी नक्सलियों से कहा था कि वह समर्पण करते हैं सरकार उनके लिए हर तरह की व्यवस्था करेगी, अगर वह समर्पण नहीं करते हैं तो वह मारे जाएंगे। नक्सलियों के सफाए के लिए जरूरी था कि पूरे बस्तर में कैंपों की संख्या बढ़ाई जाए। कैंपों की संख्या बढऩे के बाद ही नक्सलियों की घेराबंदी हो सकती थी और जिस तरह नक्सली कभी जवानों की घेराबंदी कर बड़ी बेरहमी से उनको मारते थे, उसी तरह जवानों को मौका मिला नक्सलियों का घेरकर मारने का। सीएम साय के समय पहली बड़ी सफलता तब मिली जब पिछले दिनों एक साथ 13 नक्सलियों को घेरकर मारा गया। इसके बाद जवानों को लगा अब तो वह भी नक्सलियों को इसी तरह घेरकर मार सकते हैं। बस उनको सही सूचना मिलनी चाहिए बड़ी संख्या में नक्सली कहां पर हैं। सूचना मिली कि अबूझमाड़ के जंगल में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद है और जवावों ने उनकी घेराबंदी कर बड़ी कुशलता से 29 नक्सलियों का मार गिराया। यह काम पहले बहुत कठिन माना जाता था कोई सोचना नहीं था कि इस कठिन काम को कैसे किया जा सकता है, साय सरकार के समय सोचा गया कि इस कठिन को काम को कैसे किया जा सकता है। पहले अबूझमाड़ नक्सलियों का सबसे सुरक्षित गढ़ माना जाता था। नक्सली वहां पर खुद को सबसे ज्यादा सुरक्षित समझते थे। लेकिन उस गढ़ को साय समय इस तरह भेद दिया गया है कि अब नक्सली उसे अपना सुरक्षित गढ़ नहीं समझ सकते। कांग्रेस की सरकारों के समय नक्सलियों को एक नहीं तो दूसरे राज्य में शरण मिल जाती थी, इससे वह सोचते थे कि एक राज्य में उन पर हमला होगा तो वह दूसरे राज्य चले जोएंगे। छत्तीसगड़,महाराष्ट्र में भाजपा सरकार होने से नक्सलियों के लिए सुरक्षित जगह नहीं बची है, इसी से वह अब ज्यादा मारे जा रहे है। मोदी और साय कहते हैं कि यह नया भारत है यह घर में घुसकर मारता है, तो साय ने इस पर अमल कर के दिखा दिया। अबुझमाड़ में घुसकर 29 नक्सलियों का मारना साय सरकार की ऐतिहासिक सफलता है।

निर्मल रानी

राजनीति

# नारा चार सौ पार का,सामना बहिष्कार का ?



देश में चुनावी सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। सत्ताधारी भाजपा जहाँ अब की बार चार सौ पार के नारे के साथ विपक्ष पर मनोवैज्ञानिक दबाव डालने की कोशिश कर रही है वहीं संयुक्त विपक्ष 'इण्डिया गठबंधन' भाजपा की सत्ता में वापसी रोकने के लिये एड़ी छोटी का ज़ोर लगाये हुये है। सत्ता व विपक्ष के बीच हो रहे इस चुनावी दंगल से इतर विभिन्न राज्यों से यह ख़बरें भी आ रही हैं कि आम नागरिकों द्वारा इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों का न केवल बहिष्कार किया जा रहा है बल्कि कई जगह तो हिंसक विरोध से लेकर भाजपा प्रत्याशियों के विरुद्ध प्रदर्शन तक किये जा रहे हैं । कई जगह तो ग्राम वासियों ने बाक़ायदा बहिष्कार व चेतावनी सम्बन्धी साइन बोर्ड भी लगा दिये हैं। तो क्या हरियाणा,पंजाब,उत्तर प्रदेश व उत्तरांचल सहित कई अन्य राज्यों में हो रहे इस तरह के बहिष्कार यह साबित नहीं करते कि भाजपा का चार सौ पार का नारा महज़ एक चुनावी शगूफ़ा है ?

अभी गत 30 मार्च को ही मुज़र्रं नगर में रात करीब साढ़े आठ बजे खतौली क्षेत्र के मढ़करीमपुर गांव में चुनावी सभा के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान के क़ाफ़िले की गाड़ियों पर जमकर पथराव किया गया। ख़बरों के अनुसार इस पथराव में 10 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गये। सभास्थल के समीप की छतों से पथराव शुरू होते ही सभा में भगदड़ मच गई।समाचारों के अनुसार पथराव के साथ ही हमलावरों ने भाजपा व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. बालियान के विरुद्ध नारे बाज़ी भी की। इस पथराव में हमलावरों द्वारा खतौली के पूर्व विधायक विक्रम सैनी की गाड़ी को क्षति ग्रस्त कर दिया गया। भाजपा ने इस घटना को विपक्ष की साज़िश क़रार दिया है। इसी तरह गत 6 अप्रैल को जिस समय रामायण सीरियल के 'राम' अरुण गोविल जिन्हें भाजपा ने मेरठ से पार्टी उम्मीदवार बनाया है वे स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ प्रचार रथ पर सवार होकर रोड शो निकाल रहे उस समय जनता ने उनका जमकर विरोध किया व मुर्दाबाद के नारे लगाये। अरुण गोविल वापस जाओ-वापस जाओ के नारे भी देर तक लगाये गये। उनके रथ को स्थानीय लोगों ने जबरन रोक भी लिया। प्रदर्शनकारी भाजपा व अरुण गोविल के विरुद्ध नारेबाज़ी करते समय अपने हाथों में चुनाव बहिष्कार के पोस्टर लेकर रथ के आगे खड़े हो गये। और कई जगह चुनाव बहिष्कार के पोस्टर चिपका दिये गये। प्रदर्शनकारी महिलाएं चुनाव बहिष्कार के पोस्टर लेकर प्रचार रथ के आगे आईं और ग़ुस्साये लोगों ने प्रचार रथ पर चढ़ने का भी प्रयास किया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से ही भाजपा के और भी कई उम्मीदवारों के विरोध व उनके बहिष्कार की ख़बरें प्राप्त हुई हैं।




इसी तरह मेरठ से लेकर सहारनपुर तक राजपूत समाज बड़ी बड़ी पंचायतें कर भाजपा को वोट न देने और भाजपा प्रत्याशियों का विरोध करने का आह्वान कर रहा है। पश्चिम यूपी में ठाकुर चौबीसी जो पूर्व में भाजपा का साथ देती रही है उसी ठाकुर चौबीसी ने इसबार भाजपा के बहिष्कार की घोषणा कर दी है। हालांकि राजपूत समाज की नाराज़गी का कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में टिकट वितरण में राजपूत समाज की अनदेखी बताया जा रहा है। राजपूत समाज गाज़ियाबाद से सांसद वी. के. सिंह का लोकसभा टिकट काटने के भी ख़िलाफ़ है। राजपूत उत्थान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सोम तो साफ़ तौर पर घोषणा कर चुके हैं कि "हम भाजपा और मुज़र्रं नगर लोकसभा प्रत्याशी डॉ संजीव बालियान का खुलकर विरोध करेंगे। उनके अनुसार जब ठाकुरों को प्रतिनिधित्व ही नहीं दिया जा रहा तो राजपूत भाजपा को वोट क्यों दें? केवल राजपूत ही नहीं बल्कि त्यागी और सैनी जैसा इस क्षेत्र का प्रमुख समाज भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपने "कम प्रतिनिधित्व" से असंतुष्ट होने की बात कर रहा है। गांव गांव इस आशय के पोस्टर लगे हैं कि 'पूरे पश्चिमी यूपी में इस बार ठाकुर भाजपा से आर पार करेंगे।" इसी तरह सहारनपुर- दिल्ली हाईवे पर स्थित ननौता गांव में गत 7 अप्रैल को हज़ारों की संख्या में राजपूत बिरादरी के लोग इकठ्ठा हुये। इस से भाजपा के भीतर खलबली मच गई। 'क्षत्रिय समाज की संघर्ष समिति' की ओर से नानौता में आयोजित इस सम्मेलन को 'क्षत्रिय स्वाभिमान महाकुंभ' का नाम दिया गया जिसमें पश्चिमी यूपी के कई जिलों सहित राजस्थान और हरियाणा से भी ठाकुर समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। यहाँ तक कि भीड़ ने हाइवे को भी पूरी तरह से जाम कर दिया। इस सभा में वक्ताओं का कहना था कि उनके इतिहास के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। राजनीतिक द्वेष की भावना से राजपूत समाज को कमज़ोर किया जा रहा है। इस महाकुंभ में सम्राट मिहिर भोज और लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे का मुद्दा ज़ोर शोर से उठाया गया। ग़ौर तलब है कि गुर्जर और ठाकुर समाज के लोग सम्राट मिहिर भोज पर अपनी-अपनी जाति का होने का दावा करते आ रहे हैं। जिसे लेकर दोनों ही समाज में एक दूसरे के प्रति असंतोष है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में और भी कई जगह इस तरह की महापंचायत करने का निर्णय लिया गया है। उत्तरांचल में अनेक लोगों ने गंगा किनारे खड़े होकर भाजपा को हारने का संकल्प लिया। उनका असंतोष अंकिता भंडारी को न्याय न मिलने और अग्निवीर योजना लागु करने को लेकर था।

हरियाणा के भी कई क्षेत्रों में न केवल भाजपा का विरोध हो रहा है बल्कि सत्ता में भाजपा की मनोहर लाल खट्टर सरकार की लगभग चार वर्षों तक सहयोगी रही जननायक जनता पार्टी (जजपा) का भी जमकर विरोध किया जा रहा है। ग्रामीण इन्हें किसान विरोधी पार्टी के रूप में देख रहे हैं। हरियाणा के जींद ज़िले के दुराना गांव के ग्रामीणों ने गांव के बाहरी इलाक़े में एक साइन बोर्ड लगाया हुआ है जिस पर स्पष्ट शब्दों में लिखा गया है कि 'बीजेपी-जेजेपी नेताओं को इस गांव में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है।' इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला करते हैं। उन्हें भी 2020-21 में हुये किसान आंदोलन के दौरान उनके अपने ही निर्वाचन क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति किसानों ने नहीं दी थी। संयुक्त किसान मोर्चा की तरफ़ से तो भारतीय जनता पार्टी के सभी उम्मीदवारों का विरोध करने का निर्णय लिया जा चुका है। ख़बरों के अनुसार इसतरह के व्यापक विरोध को देखते हुए पार्टी नेताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों के दौर भी बंद कर दिए हैं। हरियाणा के ही ग्राम पंचायत खिड़वाली में गांव के प्रवेश द्वारा पर लगे एक बोर्ड पर ग्रामवासियों ने लिखा है कि 'ग्राम पंचायत खिड़वाली बी जे पी व जे जे पी के नेताओं का बहिष्कार करती है। गांव में घुसने पर जान माल के ख़ुद ज़िम्मेदार होंगे'। पंजाब,हरियाणा सहित और भी कई राज्यों में भाजपा के इसी तरह के खुले विरोध की ख़बरों के बीच यह ख़बर भी आ रही है कि जहाँ विरोध नहीं भी हो रहा वहां भाजपा नेताओं को सुनने के लिये भीड़ भी नहीं इकट्ठी हो रही। कई जगह पैसे देकर मज़दूरों के हाथों में भाजपा के झंडे थमा कर उन्हें रैलियों में शामिल किया जा रहा है। ऐसे हालात में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि चार सौ पार का नारा देने वाली भाजपा को आख़िर इस तरह के व्यापक विरोध व बहिष्कार का सामना क्यों करना पड़ रहा है ?

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आप पिता का कोई जरूरी काम पूरा कराएंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में और मधुरता बढ़ेगी। आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे, लेकिन आपको अपने मन को नियंत्रित करना होगा। किसी के साथ बहसबाजी में ना पड़े। वैवाहिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए किसी भी तरह की गलतफ़हमी ना पालें।

वृष राशिः आज नवरात्र के नौवें दिन भगवान श्रीराम की कृपा आप पर बनी रहेगी। आज आप सभी कार्यों में बहुत हद तक सफल रहेंगे। इस राशि की महिलाओं को आज के दिन कोई खुशखबरी मिलेगी। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी बेहतर होगा। आपको माताःपिता का सहयोग मिलेगा, जिससे आप जीवन में आगे बढऩे में सक्षम होंगे।

मिथुन राशिः आज प्रॉपर्टी लेने का मन बनाएंगे। कोई रूका हुआ काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। शाम तक आपको कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जायेगा।आसपास के लोग आपके व्यक्तित्व से प्रसन्न होंगे। आज आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे।

कर्क राशिः घर के सहयोग से आप हर चीज़ को अच्छे से संभालने में सफल होंगे। आज आप किसी बात को लेकर विचारों में खोए रहेंगे। आज नए लोगों से आपकी मुलाकात होगी, जो आगे चलकर आपके व्यापार में धन लाभ कराएंगे। घर पर किसी पार्टी के आयोजन का प्लान बनाएंगे। आज नवरात्रि के नौवें दिन घर में किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करने का मन बनाएंगे।

सिंह राशिः आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपको कुछ जरूरी कार्यों में दोस्तों की मदद मिलेगी। कई दिनों से अटका हुआ पैसा आज आपको वापस मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर परिणाम लेकर आया है। पहले दी हुई किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में स्थिरता बनी रहेगी।

कन्या राशिः आपको अपनी कार्य कुशलता में बढ़ोतरी करने की जरूरत है। आज लोगों के बीच आपके काम की तारीफ होगी। वहीं आर्थिक लाभ पाने के लिए आज आपको थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आप किसी नए कार्य को लेकर योजना बनाएंगे। आज वाहन चलाते समय सावधानी जरूर बरतें। किसी मामले पर आपको बातचीत करते समय अपनी वाणी पर संयम बरतनी चाहिए।

तुला राशिः आज बच्चों के किसी काम में आपके पैसे खर्च होंगे। आपके व्यवहार से कुछ लोग आज काफी प्रभावित होंगे। लोगों से आपको काम में मदद मिलेगी। आपसी विश्वास के सहारे आपके रिश्तों में मजबूती आयेगी। आपकी कोई खास इच्छा जो काफी समय से अधूरी थी वो आज पूरी होगी। ऑफिस में अधिकारियों से मिला सहयोग आपके उत्साह में इजाफ़ा करेगा।

वृश्चिक राशिः अगर आप किसी से अपने दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक रिश्ते आज और बेहतर होंगे। कलात्मक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। किसी नए प्रोजेक्ट को शुरू करने से पहले मित्रों से सलाह करेंगे।

धनु राशिः आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपके परफॉरमेंस से लोग प्रभावित होंगे। व्यवसाय में आपको फायदा हो सकता है। ऑफिस में किसी जरुरी काम को पूरा करने के लिए किसी सहकर्मी की मदद मिलेगी और आपको कार्य में सफलता भी हासिल होगी। आज किसी से भी बेवजह उलझने से बचे। आज अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है।

मकर राशिः आज आप अपने जीवनासाथी से बिजनेस की कोई बात शेयर करेंगे। पारिवारिक काम को पूरा करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आज आपके सहपाठी किसी प्रश्न को समझने के लिए आपसे मदद लेंगे। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। सेहत के लिहाज से आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है।

कुंभ राशिः आज आप कोई नया बिजनेस शुरू करने के बारे में सोचेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे। आज आपके सभी कार्य सिद्ध होंगे और आपका दिन शानदार रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के रिश्तें में मिठास बढ़ेगी। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिहाज से सफल रहेगा।

मीन राशिः आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। किसी काम में की गई मेहनत आज रंग लाएगी। करियर के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में अधूरे पड़े कार्य आज पूरे हो जाएंगे, काम में सीनियर्स का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। वहीं अगर बिजनेस करते हैं तो आज धन लाभ होने की संभावना है। सरकारी संस्थान से जुड़े लोगों का दिन शानदार रहेगा। आज आपको ऑफिस का काम घर पर ही करना पड़ेगा।

## दांत के साथ साथ जीभ की भी करें सफाई

हर सुबह उठकर दांतों की सफाई करना अच्छा माना जाता है लेकिन अगर जीभ की सफाई को अनदेखा कर देते हैं तो खतरनाक हो सकता है. जीभ की सफाई करना बेहद जरूरी होता है. इससे ओरल हाइजीन बनी रहती है और कई समस्याओं से आप बच जाते हैं. जीभ की सफाई न करने पर मुंह से बदबू आने लगती है. कई ओरल प्रॉबलम्स हो सकती है. बैक्टीरिया कई गंभीर बीमारियों को पैदा कर सकते हैं. ऐसे में यहां जानिए जीभ की सफाई करने के कुछ टिप्स...

**नमक और सरसों तेल**-जीभ साफ करने के लिए नमक काफी अच्छा माना जाता है. इसके लिए थोड़े से नमक में सरसों की तेल की कुछ बूंदें मिलाएं और जीभ पर लगाएं. इसके बाद ब्रश के पिछले हिस्से से जीभ पर हल्के हाथों से रगड़कर जीभ पर जमी गंदगी को साफ करें.

**दही** -जीभ की सफाई में दही भी काफी अच्छा विकल्प माना जाता है. इससे गंदगी और सफेद परत अच्छी तरह साफ हो जाती है. दरअसल, दही में प्रोबायोटिक्स और लैक्टिक एसिड पाई जाती है. एक चम्मच दही लेकर जीभ पर लगाएं और ब्रेश के पिछले हिस्से से साफ करें.

**बेकिंग सोडा और नींबू रस**-बेकिंग सोडा जीभ की गंदगी की अच्छी तरह सफाई करता है. थोड़ा सा बेकिंग सोडा लेकर उसमें नींबू का रस मिला लें. इसे पस्ेट बनाकर फिंगर टिप की मदद से जीभ पर मसाज करें. कुछ देर बाद गर्म पानी से कुल्ला करें. इससे जीभ अच्छी तरह साफ होगा.

**वेजिटेबल ग्लिसरीन**-जीभ की साफ-सफाई में वेजिटेबल ग्लिसरीन भी काम आ सकता है. इसके लिए थोड़ा सा ग्लिसरीन लेकर जीभ पर रखकर ब्रश से साफ करें. इसके बाद गर्म पानी से कुल्ला करें. जीभ अच्छी तरह साफ हो जाएगा.

**हल्दी**-जीभ साफ करने में कई घरेलू उपायों में से एक हल्दी भी है. हल्दी पाउडर में नींबू का थोड़ा सा रस मिलाकर पेस्ट बना लें और फिर इसे जीभकर पर लगाकर फिंगर टिप से मसाज करें. कुछ देर बाद गर्म पानी से कुल्ला करें.



मनोज कुमार अग्रवाल

न्याय पालिका

# दबाव की राजनीति से जूझ रही है न्याय पालिका?



हाल ही में रिटायर्ड जजों ने भारत के मुख्य न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि एक गुट के द्वारा न्यायपालिका पर दबाव बनाया जा रहा है और उसे कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है।यह इस तथ्य को बताता है कि भारत की न्यायपालिका इन दिनों दबाव की राजनीति के खतरों से दो-चार हो रही है। कुछ राजनीतिक विचार धारा से जुड़े अलग अलग समूह येन-केन-प्रकारेण न्याय पालिका को दबाव में लेकर अपनी राय के अनुरूप काम करने के लिए विवश करना चाहते हैं।

पूर्व जजों ने कहा है न्यायपालिका को अनुचित दबावों से संरक्षित करने की जरूरत है। पत्र में कहा गया कि राजनीतिक हितों और निजी फायदा से प्रेरित कुछ तत्व हमारी न्यायिक प्रणाली में जनता के भरोसे को समाप्त कर रहे हैं। इस पत्र पर कुल 21 रिटायर्ड जजों ने साइन किए हैं। इनमें से सुप्रीम कोर्ट के पूर्व चार जज और हाईकोर्ट के 17 जज शामिल हैं।

इस चर्चित पत्र में कहा गया कि हम न्यायपालिका के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं और इसकी गरिमा और निष्पक्षता बचाए रखने के लिए हर तरह की मदद करने के लिए तैयार हैं। इसमें आगे कहा गया कि हम सुप्रीम कोर्ट की अगुवाई में न्यायपालिका से यह आग्रह करते हैं कि इस तरह के दबावों को समाप्त कर दिया जाएगा और कानूनी प्रणाली की शुचिता बनी रहेगी। चिट्ठी में यह भी कहा गया कि हम न्यायपालिका के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हुए हैं। इसकी गरिमा को बचाए रखने के लिए हम हर तरह की मदद देने को तैयार हैं।

रिटायर्ड जस्टिस दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश माहेश्वरी और एमआर शाह सहित रिटायर्ड जजों ने आलोचकों पर अदालतों और जजों की ईमानदारी पर सवाल उठाकर न्यायिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने के तरीकों को अपनाने का आरोप लगाया है।पत्र में कहा गया कि इन सामाजिक तत्वों के तरीके काफी भ्रामक हैं। इस तरह की गतिविधियों से न सिर्फ न्यायपालिका की शुचिता का अपमान होता है बल्कि जजों की निष्पक्षता के सिद्धांतों के सामने भी चुनौती पैदा हो जाती है। इन ग्रुप के द्वारा अपनाई जाने वाली रणनीति काफी परेशान करने वाली है। यह न्यायपालिका की छवि को धूमिल करने के लिए आधारीहीन तथ्यों की थ्योरी को गढ़ती है और कोर्ट के फैसलों को प्रभावित करने की कोशिश करती है।पत्र में आगे कहा गया है कि हमने इस बात पर ज्यादा गौर किया है कि समूह का व्यवहार खासतौर पर ऐसे मामलों में दिखाई देता है, जिसका सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक महत्व ज्यादा होता है। हम दुष्प्रचार फैलाने और न्यायपालिका के खिलाफ जनभावनाएं भड़काने को लेकर काफी परेशान हैं। यह ना केवल अनैतिक है बल्कि हमारे लोकतंत्र के सिद्धांतों के लिए भी काफी हानिकारक है। यह अपने मनमुताबिक चुनिंदा न्यायिक फैसलों की सराहना और आलोचना करने से कोर्ट और न्यायिक प्रक्रिया को कमतर करता है।



गौरतलब है कि आजकल न्यायपालिका में चल रही हलचल का असर अक्सर सामने दिखने लगता है। न्यायपालिका की साख की चिंता स्वाभाविक और स्वागतयोग्य है। हाल के दिनों में न्यायपालिका के सर्वोच्च अंग को पत्र लिखकर सचेत करने की यह तीसरी कोशिश है। ऐसे दो पत्र अधिवक्ताओं के जरिये पहले आ चुके हैं और तीसरा पत्र पूर्व जजों ने लिखा है, इसलिए इसका महत्व ज्यादा है। दरअसल, अधिवक्ता तो अलग-अलग विचारधारा के हिसाब से विभाजित हैं। अधिवक्ताओं के एक समूह को लगता है कि सर्वोच्च न्यायालय पर अनावश्यक नैतिक दबाव बनाकर फैसले कराए जा रहे हैं और इसको रोका जाना चाहिए। दूसरे समूह को लगता है कि न्यायपालिका को किसी भी तरह के दबाव में नहीं आना चाहिए। ताजा पत्र में इन पूर्व न्यायाधीशों ने सोचे-समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक अपमान के माध्यम से न्यायपालिका को कमजोर करने की बढ़ती कोशिशों की ओर ध्यान खींचा है।

पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि भारतीय न्यायपालिका के आलोचक संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों और व्यक्तिगत हितों से प्रेरित हैं। वैसे, न्यायमूर्तियों को उदाहरण के साथ बताना चाहिए था कि पिछले दिनों क्या ऐसी घटनाएं हुई हैं या क्या ऐसे फैसले हुए हैं, जिनसे लगता है कि सर्वोच्च न्यायालय दबाव में है? कोई दोराय नहीं कि किसी भी लोकतंत्र में अलग-अलग प्रकार के दबाव समूह काम करते हैं और अपने अनुरूप फैसले लेना चाहते हैं। अच्छा लोकतंत्र तो वही है, जहां किसी फैसले का पूरा संदर्भ लोगों को पता हो। यह अक्सर कहा जाता है कि न्याय करने से ज्यादा जरूरी है, लोगों में न्याय का एहसास पैदा करना। आदर्श न्याय यही है कि दोषी को भी अपने अपराध का एहसास हो जाए और वह सजा मंजूर कर ले। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि आज अनेक ऐसे न्यायिक निर्णय हैं, जिन पर पक्ष और विपक्ष की अलग-अलग राय है। विपक्ष को लगता है कि न्यायपालिका किसी दबाव में आकर कुछ फैसले कर रही है, जबकि सत्ता पक्ष को लगता है कि विपक्ष न्यायपालिका के फैसले को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। हां, पिछले दिनों एकाध बार देखा गया कि विपक्ष ने सीधे न्यायमूर्तियों की निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए, वह लोकतंत्र और न्याय की दुहाई देता रहा है। बहरहाल, यह उजागर तथ्य है कि अदालतें इसी समाज का हिस्सा हैं। अदालतों से समाज और समाज से अदालतें प्रभावित होती हैं। यह कहना उचित नहीं कि अदालतों को समाज से प्रभावित नहीं होना चाहिए। ज्यादा उचित तो यह है कि अदालतें अपने किसी भी फैसले को सिर्फ संविधान की कसौटी पर कसें और समाज में न्याय के संदेश का विस्तार करें। दबाव पक्ष का हो या विपक्ष का, न्यायालय को किसी के दबाव में नहीं आना चाहिए। न्यायपालिका में न्याय सुनिश्चित करना, गरीबों और शोषितों को मजबूत करने की दिशा में जितनी जिम्मेदारी न्यायमूर्तियों पर है, उतनी ही जिम्मेदारी अधिवक्ताओं पर भी है। ऐसा हो नहीं सकता कि मौका आने पर अधिवक्ता अपनी जिम्मेदारी से दूर हो जाएं और सिर्फ न्यायाधीश से न्याय की उम्मीद करें।

आपको बता दें कि जब से मोदी सरकार देश में तमाम व्यवस्थाओं के पुनरीक्षण का काम कर जरूरी बदलाव लाने के लिए काम कर रही है उसमें चाहे सौ साल पुरानी आइपीसी और सीआरपीसी के कानूनी प्रक्रिया में बदलाव करना पुराने व गैर जरूरी कानून की समाप्ति साक्ष्य कानून में बदलाव आदि शामिल हैं इस से न सिर्फ गैर जरूरी कानून को समाप्त करने का काम किया गया वरन साथ ही कानून को अधिक प्रभावी रूप से लागू करने के लिए जरूरी बदलाव लाने की कोशिश की गई है। लेकिन कुछ राजनीतिक रोटियां सेकने के ईच्छुक राजनीतिक दलों के नेता पुराने ढर्रे की न्यायिक व्यवस्था के पक्षधर हैं उनके अपने मकसद है वह न्यायालय के हर फैसले को अपने अनुरूप चाहते हैं और न्यायालय के आदेश की अपने तरीके से व्याख्या करते हुए हो हल्ला कर दबाव बनाने की प्रेक्टिस अपनाते रहे हैं। रिटायर्ड जजों का यह पत्र ऐसे माहौल में न्यायपालिका को संतुलित करने की ही एक कोशिश है ताकि दबाव समूहों के द्वारा अपनाई जा रही प्रेशर प्रेक्टिस से न्याय पालिका प्रभावित न हो और स्वतंत्रता से देश के हित में फैसले ले सके।

एक नजर

## स्वीप सहेलियों ने ग्राम पीढ़ापाल में निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**कांकेर, 18 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूकता किया जा रहा है। इसी क्रम में कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पीढ़ापाल में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वीप सहेली के सदस्यों द्वारा गांव के साप्ताहिक बाजार में रैली निकालकर लोकसभा निर्वाचन में 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप में मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही दीवारों पर विभिन्न स्लोगन एवं नारा लिखते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्रामीणों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

## सामान्य एवं व्यय प्रेक्षक ने मतदान केन्द्रों एवं एसएसटी चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

**कांकेर, 18 अप्रैल।** लोकसभा आम निर्वाचन अंतर्गत कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ. एम.टी. रेजू एवं व्यय प्रेक्षक श्री संदीप मंडल ने आज जिले के अंतागढ़ एवं कोयलीबेड़ा क्षेत्र के अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने एसएसटी (स्थैतिक निगरानी दल) चेक पोस्ट मरोड़ा का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एसएसटी टीम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता के साथ आने-जाने वाले वाहनों की कड़ी निगरानी रखते हुए सघन जांच करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम श्री बी.एस. उइके, पखांजूर एसडीएम श्री ए.एस. पैकरा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## विधानसभावार मतदान दलों और माइक्रो ऑब्जर्वर का तृतीय रेंडमाईजेशन

**जगदलपुर 18 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों, दिव्यांगजनों द्वारा संचालित मतदान केंद्रों, युवा मतदान केंद्र और संगवारी मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों का तृतीय रेंडमाईजेशन प्रेक्षक श्री जे. गणेशन की उपस्थिति में किया गया।

प्रेक्षक श्री गणेशन नारायणपुर जिले के एनआईसी कक्ष से जुड़े हुए थे। विधानसभा क्षेत्र कोंडागाँव, नारायणपुर, बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा (सुकमा) के जिला निर्वाचन अधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में ऑनलाइन रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया किया गया।

### रामनवमी पर नगर में निकाली गई विशाल रैली

# माईजी की नगरी में अघोरियों का शिव तांडव







- बनारस से आए अघोरियों का तांडव, शिव-पार्वती विवाह रहा आकर्षण का केन्द्र
- रामनवमी पर हर साल की तरह सर्व हिन्दू समाज का भव्य कार्यक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 18 अप्रैल।** हर साल की तरह इस बार भी माईजी की धर्मनगरी दंतेवाड़ा में सर्व हिन्दु समाज के तत्वाधान में धुमधाम से रामनवमीं का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बनारस से आए अघोरियों की टीम द्वारा शिव तांडव एवं शिव पार्वती विवाह प्रदर्शन लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा तो वहीं बाहुबली हनुमान के रूप में विशालकाय हनुमान भी बच्चों को बेहद पसंद आए। बच्चे हनुमान जी के साथ सेल्फी लेकर पूरे उत्साह के साथ उनके साथ रास्ते भर गदा लेकर दौड़ते भागते रहे। विधायक चैतराम अटामी, पूर्व विधायक देवती कर्मा, जिपं अध्यक्ष तुलिका कर्मा भी रैली में शामिल रहे। देर शाम रामजी की आरती के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

गौरतलब है कि नगर में प्रतिवर्ष रामनवमी का पर्व बड़े ही धुमधाम एवं उत्साह के साथ मनाया जाता रहा है इसी कड़ी में वर्ष 2024 में भी 17 अप्रैल को रामनवमी के पावन पर्व पर नगर में सर्व हिन्दु समाज के सौजन्य से विशाल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बनारस काशी से आई हुई अघोरियों की टीम को इस बार विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। शाम 4 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत आंवराभाटा माईजी डोली स्थल से हुई। कार्यक्रम शुरू होते ही मौसम ने करवट ली और झमाझम बारिश शुरू हो गई बावजुद न तो लोगों का उत्साह कम हुआ और न ही कार्यक्रम देने वाली टीम ही बारिश से निराश हुई। थोडे समय बाद जैसे ही बारिश बंद हुई पुनः धुम धड़ाके, डीजे की धुन पर रामभक्त नाचते थिरकते रैली में चलते रहे। चौक चौराहों पर अघोरियों की टीम ने शिव तांडव एवं शिव पार्वती की शानदार प्रस्तुति से लोगों का जमकर मनोरंजन किया। भयानक रूप धरे अघोरी बने कलाकार को देख एक बार तो सभी चौंक गए लेकिन जैसे जैसे कार्यक्रम आगे बढ़ता गया लोग भी अघोरियों के नजदीक आना शुरू हो गए और जब मौका मिला लोगों ने उत्साह के साथ उनके साथ यादगार पलों को समेटने सेल्फी लेने का मौका भी नहीं छोड़ा। परदेशी चौक, गायत्री मंदिर चौक, जयस्तंभ चौक, बस स्टेंड चौक, बैंक चौक पर अघोरियों की टीम ने अलग अलग शानदार प्रस्तुति दी। नगरवासियों ने अघोरियों की शिव तांडव व शिव पार्वती विवाह की प्रस्तुति को खूब सराहा। मानव कंकाल एवं हडिडयों को मुंह में दबोचे, एवं मुंह से आग की लपटें निकालना तथा आग के घेरे के अंदर अघोरियों का नृत्य प्रदर्शन भी लोगों को खूब पसंद आया। ईधर विशालकाय हनुमान भी बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। बाहुबली वीर हनुमान जब सड़कों पर चलते थे तो सारे लोग उनके पीछे पीछे भागते थे। डीजे सारंगा की धुन पर रास्ते भर बच्चे थिरकते रहे। क्या बच्चे क्या महिलाएं और क्या पुरूष हर कोई रामभक्ति में डूब सा गया था। शाम 4 बजे से प्रारंभ हुई रामनवमी की रैली नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई बैंक चौक पहुंची जहां से वापस बस स्टेंड हनुमान मंदिर परिसर में भगवान श्रीराम की आरती स्तुति की गई जिसके बाद अंतिम कार्यक्रम अघोरियों की टीम द्वारा पेश की गई जिसके बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। रैली में आए सभी रामभक्तों के लिए सर्व हिन्दु समाज द्वारा भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई थी। आयोजकों ने कहा कि चुनाव आंचार संहिता के चलते इस बार कार्यक्रम को सीमित रखा गया था वहीं आने वाले वर्षो में कार्यक्रम को और भी शानदार व भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा।

# जय अम्बे इमरजेंसी सेवा 108 एम्बुलेंस का हाल-बेहाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 18 अप्रैल।** दन्तेवाड़ा जिले के गीदम ब्लॉक में जय अम्बे इमरजेंसी सेवा 108 एम्बुलेंस का बहुत ही बुरा हाल है गीदम ब्लॉक की 108 एम्बुलेंस सीजी 04 एनई 3674 में बड़ी लापरवाही सामने आई है। मरीज को बिठाने वाले केबिन का डोर लॉक खराब हुए कई दिन हो गया है। लेकिन उससे आज पर्यंत तक नहीं बनाया गया है काफी दिनों से अंदर से रस्सी के सहारे दरवाजा को बांधकर काम चलाया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जय अंबे प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा गाड़ियों का अच्छे से मेंटेनेंस नहीं करवाया जा रहा है जिसके चलते कई बार मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एक बार तो जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में एंबुलेंस का दरवाजा नहीं खुलने के कारण मरीज को खिड़की से निकला गया था। इसी प्रकार 102 महतारी इमरजेंसी




सेवा का भी हाल काफी बेहाल है बताया जा रहा है कि सिर्फ इसमें एक ड्राइवर का भरोसे काम करवाया जा रहा है और रात



में कंपनी द्वारा किसी भी प्रकार की सर्विस नहीं दी जा रही है।

> इस संबंध में गीतेश कुमार डिस्ट्रिक मैनेजर जय अम्बे इमरजेंसी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड ने कहा कि शीघ्र ही एंबुलेंस का मेंटेनेंस कार्य करवाया जाएगा। सभी ब्लॉकों के एंबुलेंस का एक-एक कर मेंटेनेंस कार्य करवाया जा रहा है गीदम ब्लॉक की भी एंबुलेंस का शीघ्र ही मेंटेनेंस का कार्य करवाया जाएगा।

> बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रो में खराब व कच्ची सड़क भी एम्बुलेंस चालको के लिए बड़ी परेशानी का सबब बनती है। ऊपर से यदि एंबुलेंस का सही मेंटनेंस न हो तो ये और भी दिक्कत का कारण बनता है। गीदम की बात करे तो जिले का यह सबसे बड़ा ब्लाक है जहां एक ही 108 एम्बुलेंस सेवा देती है । इसके अलावा गीदम ब्लाक से लगे दुसरे जिले के अन्य गांव में भी गीदम की ही एम्बुलेंस सेवा प्रदान करती है । ऐसे में बार-बार वाहन मेंटनेश मांगती रहती है लेकिन जैसा मेंटनेश किया जाना चाहिए उस तरह का मेंटनेश नही किया जाता शायद यही वजह है कि जिले में 108 एम्बुलेंस की स्थिति जस की तस बनी हुई दिखाई देती है।

## 1 हार्डकोर ईनामी नक्सली को गिरफ्तार करने में पुलिस को मिली सफलता



**सुकमा, 18 अप्रैल।** जिला सुकमा में सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.), कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा के मार्ग-दर्शन एवं किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक सुकमा के निर्देशन एवं निखिल अशोक कुमार राखेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा, परमेश्वर तिलकवार, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सुकमा, उत्तम प्रताप सिंह, उप पुलिस अधीक्षक बस्तर फाईटर सुकमा के पर्यवेक्षण में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर दिनांक 16.04.2024 को थाना फुलबगड़ी से निरीक्षक सुनील सिंह के हमराह जिला बल एवं डीआरजी चार्ली के संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त सर्चिंग/एरिया डोमिनेशन हेतु ग्राम मूलेर, मरकापारा व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान ग्राम मूलेर में दबिश देकर फरार नक्सल आरोपी माड़वी जोगा पिता माड़वी गुज्जा (डीकेएमएस अध्यक्ष ईनामी 01 लाख रूपये छ0ग0 शासन द्वारा) उम्र लगभग 42 वर्ष निवासी मरकापारा, मूलेर थाना फुलबगड़ी जिला सुकमा (छ.ग.) को पकड़ा गया। पकड़े गये आरोपी विगत् 08-10 वर्षो से नक्सल संगठन में सक्रिय रहकर थाना फुलबगड़ी क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न घटित नक्सली गतिविधियों में शामिल रहा है। माड़वी जोगा के विरूद्ध थाना फुलबगड़ी में पूर्व से 08 प्रकरण दर्ज है। इनमें से 06 प्रकरणों में माड़वी जोगा की गिरफ्तारी हेतु स्थायी वारंट जारी किया गया है। उक्त सभी प्रकरणों में माड़वी जोगा के विरूद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए दिनांक 16.04.2024 को विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।गिरफ्तार आरोपी माड़वी जोगा के विरूद्ध पंजीबद्ध अपराधों की जानकारीथाना फुलबगड़ी अप0क्र0 13/2020 धारा -147, 148, 149, 307 भा.द.सं. 25, 27 आर्म्स एक्ट 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम (स्थायी वारंट)ऐसे कई अपराधी मामले दर्ज है।

# गीदम में ही बने मेडिकल कॉलेज,व्यापारी संघ ने की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 18 अप्रैल ।** आम चुनाव से पूर्व भारतीय जनता पार्टी के व्यापार एवं आर्थिक प्रकोष्ठ की बैठक व्यापारी संघ गीदम के समस्त व्यापारियों के साथ मंगलवार शाम को दुर्गा पंडाल पी डब्लू डी पारा गीदम में रखी गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चैतराम अटामी मौजूद रहे। बैठक में नगर के व्यापारियों से उनकी समस्या एवं मांगो को विधायक चैतराम अटामी ने विस्तार पूर्वक एवं गंभीरता से सुना। इस दौरान व्यापारियों ने कहा कि मेडिकल कॉलेज गीदम में खुलने की घोषणा हुई थी। किंतु मेडिकल कॉलेज के स्थल परिवर्तन की खबर से गीदम के व्यापारी वर्ग एवं गीदम के आम नागरिक निराश एवं आक्रोशित हैं। गीदम नगर के समस्त जन मेडिकल कॉलेज के गीदम के अलावा अन्य किसी स्थल में खुलने के विरोध में हैं। जिस पर विधायक



चैतराम अटामी ने व्यापारी संघ को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही स्थल चयन कर लिया जाएगा और स्थल परिवर्तन नही किया जाएगा। बैठक में व्यापारियों ने व्यापारियों के हितार्थ किए जाने वाले कार्यो के बारे मे व अन्य समस्याओं से क्षेत्रीय विधायक को अवगत करवाया जिसमे मेडिकल कॉलेज का स्थल परिवर्तन न हो वह गीदम ब्लाक में ही बने, केंद्रीय विद्यालय में सीट की बढ़ोतरी हो जिससे कि अधिक बच्चो को विद्यालय में पढ़ने का अवसर मिल सके, जिले के सभी हाट बाजरो में पीने का स्वच्छ पानी, छोटे बड़े सभी व्यापारियों के लिए बाजार शेड, बाजार स्थल पर सीसी सड़क, टॉयलेट बाथरूम, बाजार स्थल में सूखे पेड़ व ऐसे पेड़ जिनकी डाल आदि गिरने से दुर्घटना घट सकती है उनकी कटाई अथवा छटाई, गीदम में मुर्गा मार्केट के लिए उचित स्थल का चयन हो व अन्य समस्याओं से अवगत करवाया। व्यापारियों की सभी समस्याओं को विधायक ने ध्यान पूर्वक सुना एवं आश्वासन दिया कि उनकी सभी समस्याओं को शीघ्र ही दूर किया जायेगा। इस बैठक व्यापारी संघ परिवार के वरिष्ठ व्यवसाई किशन लाल, जगन्नाथ गुप्ता, गजानंद निर्मलकर, पुतान कुशवाह, भानु देवांगन को विधायक चैतराम अटामी ने शॉल श्रीफल देकर व्यापार के माध्यम से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से नगर की सेवा व समर्पण के लिए सम्मानित किया। विधायक चैतराम ने अपने संबोधन में कहा कि हर वर्ग को मेहनत करने की शिक्षा व्यापारियों से सीखनी चाहिए।

व्यापारी जितना परिश्रम करता है व अपने काम के प्रति जितना समर्पित होता है उतना मेहनत समर्पण जो भी करे उसे सफल व सम्पन्न होने से कोई नही रोक सकता। चैतराम अटामी ने साप्ताहिक बाजारों में पीने के पानी की व्यवस्था बाजार स्थल पर टॉयलेट बाथरूम व बाजार शेड उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। बैठक में विधायक चैतराम अटामी समेत व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारी सदस्य व पूर्व जिला उपाध्यक्ष मनीष सुराना, पुतान कुशवाह, अनिल जॉर्ज, मल्लिकार्जुन राव व व्यापारी संघ के पदाधिकारी एवं समस्त व्यापारी उपस्थित रहे।

## नाटक व नुक्कड़ के से विद्यार्थियों ने की शत-प्रतिशत मतदान की अपील

**कांकेर, 18 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देश पर और स्वीप के जिला स्तरीय नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत श्री सुमीत अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत् मतदाताओं को मतदान करने जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस सरंगपाल स्थित विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा कांकेर के पुराना बस स्टैंड, गिल्ली चौक और घड़ी चौक में नुक्कड-नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान सभी मतदाताओं से आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्र में जाकर शत-प्रतिशत वोट करने की अपील की गई।

## सामान्य प्रेक्षक, कलेक्टर की उपस्थिति में माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया प्रशिक्षण

**राजनांदगांव 18 अप्रैल ।** सामान्य प्रेक्षक श्री शशि रंजन की उपस्थिति में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त माइक्रोआब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल उपस्थिति थे। सामान्य प्रेक्षक श्री शशि रंजन ने कहा कि मतदान दिवस मतदान केन्द्र की सभी गतिविधियों की मॉनिटरिंग करने के लिए माइक्रोआब्जर्वर की नियुक्ति की गई है। मतदान केन्द्र की सभी गतिविधियों की जानकारी निर्धारित समय पर देना महत्वपूर्ण कार्य है, इसका विशेष ध्यान रखना है। मॉकपोल एक महती कार्य है, इसमें भी समय का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य करें। प्रशिक्षण में माइक्रोऑब्जर्वर की भूमिका से संबंधित सभी दायित्वों को अच्छे से समझें। निर्धारित फार्मेट में रिपोर्टिंग करना आवश्यक है। मतदान उपरांत आपकी रिपोर्ट और पीठासीन अधिकारी की डायरी का मिलान किया जाता है।

# सभी मतदान दल उत्साह के साथ मतदान कार्य को करें संपादित : विजय दयाराम के.

**जगदलपुर, 18 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर के अंतर्गत बस्तर जिले के तीनों विधानसभा 85-बस्तर, 86-जगदलपुर, 87 चित्रकोट और आंशिक 84 नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए गुरुवार को 699 मतदान दलों को जगदलपुर के धरमपुरा स्थित शासकीय आदर्श महाविद्यालय परिसर में मतदान सामग्री का वितरण कर सम्बन्धित मतदान केंद्रों के लिए वाहनों से रवाना किया गया। मतदान सामग्रियों के वितरण के अवसर पर मतदान दलों से मिलकर उनका हौसला-अफजाई करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि सभी मतदान दल उत्साह के साथ मतदान कार्य को संपादित करें। वितरण स्थल में उन्होंने दलों को सामग्रियों का मौका मिलान करने का भी निर्देश दिया।इस दौरान महिला मतदान कर्मी बहुत उत्साहित नजर आई, सभी ने मतदान कार्य को बेहतर तरीके से निष्पादन का आश्वासन दिया।

मतदान दलों की रवानगी के अवसर पर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा द्वारा महिला मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को गुलाब फूल भेंटकर



उत्साहवर्धन करते हुए मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। साथ ही सफलतापूर्वक शत-प्रतिशत मतदान करवाने और सकुशल वापस आने की अपील की। गुरुवार को बस्तर जिले के तीनों विधानसभा बस्तर के लिए 208, जगदलपुर के लिए 232, चित्रकोट के लिए 184 और आंशिक 84 नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 75 मतदान दलों को रवाना किया गया। कलेक्टर ने सभी वितरण केंद्रों के स्टाल में जाकर निरीक्षण करते हुए समय पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतदान दलों को मतदान सामग्री प्रातः 6 बजे से वितरण किया गया जिसमें संगवारी मतदान केंद्र, युवा, दिव्यांग मतदान केंद्र के लिए अलग-अलग वितरण केंद्र बनाया गया था। मतदान सामग्री प्राप्त करने के बाद मतदान कर्मचारी मौका मिलान कर अपने दलों के सदस्यों तथा सेक्टर अधिकारियों के साथ वाहनों में रवाना हुए। तीनों विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों ने वितरण व्यवस्था को निर्बाध करवाते हुए सामग्री वितरण पूर्ण करवाया। इसके बाद मतदान दलों को वाहनों से रवानगी करवाई गई। संगवारी मतदान केंद्र के महिला कर्मियों द्वारा शत-प्रतिशत मतदान करवाने की अपार उत्साह दिखाई। पुलिस विभाग द्वारा इन केंद्रों के लिए महिला सुरक्षा बल भी दिया गया है।मतदान सामग्री स्थल में प्रशासन द्वारा पेयजल, नींबू-जलजीरा पानी, स्वास्थ्य जांच सुविधा, सामग्री वितरण स्थल से परिवहन स्थल तक ई रिक्शा की भी सुविधा उपलब्ध करवाई गई थी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल,नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी, उप निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण वर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री भरत कौशिक,श्री एआर राणा,श्री सुब्रत प्रधान, वाहन प्रभारी श्री ऋषिकेश तिवारी, आरटीओ श्री मधुसुदन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## निर्वाचन कार्य में संलग्न वाहन चालकों और परिचालकों को जारी किया गया ईडीसी

**जगदलपुर 18 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत निर्वाचन दायित्व में सलंग्न अधिकारियों-कर्मचारियों व अन्य व्यक्तियों को ईडीसी (निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र) के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदाय की जा रही है। निर्वाचन आयोग की मंशा है कि मतदान दिवस में सभी नागरिकों को उनके मताधिकार का उपयोग करने का अवसर दिया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग लोकतंत्र के पर्व में जुड़कर देश के विकास और निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभा सकें। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा इस दिशा में निर्वाचन कार्य हेतु सलंग्न 3646 अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान करने के लिए निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने विद्या ज्योति स्कूल में निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र जारी की जा रही कार्य का निरीक्षण भी किया। कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित ना हो इसी के तहत निर्वाचन कार्य में संलग्न वाहनों, अधिग्रहित बसों तथा अन्य वाहनों के चालक-परिचालकों को भी ईडीसी जारी किया गया है। जिले में चुनाव ड्यूटी में लगे ऐसे लगभग 150 चालक-परिचालकों को निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र जारी किया गया है। इस हेतु क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के सहयोग से पूर्व में ही संबंधित चालकों एवं परिचालकों से फार्म 12 क भरवा लिया गया है। इसके अलावा निर्वाचन कार्य के लिए साथ ही सुरक्षा बलों के जवानों को उनके आवेदन के आधार पर डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए सुविधा दी जा रही है इस हेतु मतदान दल प्रशिक्षण स्थल विद्या ज्योति स्कूल में डाक मतपत्र से मतदान के लिए सुविधा केन्द्र बनाया गया है। इसके अतिरिक्त डाक मतपत्र से मतदान के लिए सुविधा केन्द्र 17 अप्रैल को संयुक्त जिला कार्यालय में भी संचालित की जाएगी।

## एक नजर

### सामान्य प्रेक्षक की अध्यक्षता में हुई राजनीतिक दलों की बैठक

**महासमुंद 18 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 09 महासमुंद के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री अनिल कुमार अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थियों व प्रतिनिधियों की बैठक ली। सामान्य प्रेक्षक श्री अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए सभी राजनीतिक दलों का सहयोग आवश्यक है। आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदार बने। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल अपनी शिकायत एवं समस्याओं के संबंध में सम्पर्क नम्बर पर जानकारी दे सकते हैं तथा न्यू सर्किट हाउस में प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक मिल सकते है। उन्होंने उपस्थित अभ्यर्थियों एवं प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए। बैठक में महासमुंद जिले के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री मनीष कुमार दबास, धमतरी एवं गरियाबंद के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री रामप्रभु उड़ई आर., कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निर्भय साहू मौजूद थे तथा पुलिस प्रेक्षक श्री एम. राकेश चंद्र कलासागर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण व अभ्यर्थीगणों में श्री ताम्रध्वज साहू इंडियन नेशनल कांग्रेस, श्री गणेश राम ध्रुव हमर राज पार्टी, श्री महेश स्वर्ण निर्दलीय, श्री नारद प्रसाद निषाद शक्ति सेना भारत देश, श्री डॉ. आत्मानवरत्न बसपा, श्री संतोष बंजारे निर्दलीय, श्री दाउलाल चंद्राकर, श्री देवीचंद राठी, श्री अमित साहू बैठक में शामिल थे।

बैठक में सामान्य प्रेक्षक श्री अग्रवाल ने कहा कि सीलिंग कार्य के समय सभी राजनैतिक दल के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस निर्वाचन में चूंकि अभ्यर्थियों की संख्या 17 है इसलिए दो बैलेट यूनिट, एक कंट्रोल यूनिट और एक वीवीपैट मशीन का उपयोग होगा। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन सुबह 5:30 बजे मॉक पोल प्रारम्भ होगा। मॉक पोल के दौरान अपने पोलिंग एजेंट अवश्यक भेजें। उन्होंने कहा कि सभी दल अपने प्रचार-प्रसार से संबंधित रैली, आमसभा, प्रचार सामग्रियों के मुद्रण की जानकारी देवें। व्यय प्रेक्षकों ने कहा कि व्यय लेखा रजिस्टर निरीक्षण के लिए निर्धारित अवधि में सभी राजनैतिक दल के प्रतिनिधि मौजूद होकर जानकारी देवें। पुलिस प्रेक्षक श्री कलासागर ने कहा कि सभी स्थानों पर भय मुक्त निवार्चन के लिए पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च किया जा रहा है। साथ ही अन्य समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस कार्य कर रही है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक ने बताया कि मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों को 9 अप्रैल को निर्वाचक नामावली की एक-एक प्रति तथा फोटो रहित निर्वाचक नामावली की सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के अन्य अभ्यर्थी चाहे तो निर्धारित प्रिंटिंग दर पर राशि अदायगी कर निर्वाचक नामावली की प्रति प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि डाक मतपत्र की गिनती लोकसभा मुख्यालय में ही होगी। कलेक्टर ने बताया कि यदि अभ्यर्थियों या किसी भी दल को शिकायतें प्राप्त होती है तो वे सी विजिल एप्प और कंट्रोल रूम के माध्यम से सीधे शिकायत कर सकते हैं। उक्त सभी विषयों पर प्रतिनिधिगण व अभ्यर्थी सहमत हुए।

### महिला से छेड़छाड़, दो गिरफ्तार



भिलाई दुकान गई महिला के साथ पहले अभद्र व्यवहार किया फिर पीड़िता के विरोध करने पर घर में घुसकर प्रवेश कर छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपियों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि कांटेक्टर कालोनी सुपेला की रहने वाली प्रार्थिया ने 16 अप्रैल को थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी कि पीड़िता अपनी सहेली के साथ घर के पास दुकान गई थी जहां पर जीवन, भूजि एवं गणेश छेड़खानी करने लगे पीड़िता अपनी सहेली के साथ डर कर घर वापस आई तो तीनों ने घर में प्रवेश कर बेईज्जती करने की नीयत से छेड़छाड़ की। प्रार्थिया जोर- जोर से चिल्लाने लगी तब तीनों घर से भाग गये पुलिस ने मुखबीर की सूचना के आधार पर आरोपी जीवन लाल (39 वर्ष) एवं गणेश (25 वर्ष) दोनों पांच रास्ता सुपेला निवासी को घेराबंदी कर पकड़ा है।

### भारत निर्वाचन आयोग के अनिवार्य सेवा के तहत पत्रकारों ने किया डाक मतपत्र से मतदान

**महासमुंद 18 अप्रैल ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 10 सेवाओं को ÷अनिवार्य सेवा÷ के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में प्राधिकार पत्र प्राप्त मीडियाकर्मी सहित स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इण्डिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल है।इस अनिवार्य सेवा का लाभ उठाते हुए पहली बार जिले के तीन पत्रकारों ने अपने मताधिकार का उपयोग डाक मतपत्र के माध्यम से किया है। महासमुंद जिले के वरिष्ठ पत्रकार श्री संजय डफले, श्री जितेन्द्र सतपथी एवं श्री जयदेव सिंह ने डाक मतपत्र अंतर्गत अनिवार्य सेवा के लिए स्थापित सुविधा केन्द्र में 15 और 16 अप्रैल को मतदान किया। मतदान के पश्चात इस नवाचार के संबंध में जिले के वरिष्ठ पत्रकार श्री संजय डफले ने आयोग के पहल की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व के दिन मतदान केंद्रों में कवरेज के लिए सुबह से शाम तक पत्रकार भाग-दौड़ में जुटे रहते हैं। खुद का वोट डालने के लिए उन्हें बहुत कम समय मिलता है, इसे ध्यान में रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने पहली दफा आयोग से अधिकृत पत्रकारों को अनिवार्य सेवा में शामिल करते हुए उन्हें पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा प्रदान की है। आज मैंने इस सुविधा का उपयोग कर नई सरकार बनाने में अपना योगदान दिया।

### कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा और कांग्रेस पार्टी के लिए मतदाताओं से मांगा वोट

# चुनाव के अंतिम दिन बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने किया धुआंधार प्रचार



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 18 अप्रैल।** बस्तर लोक सभा क्षेत्र क्रमांक 10 के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। 17 अप्रैल को चुनाव प्रचार का आख़िरी दिन है ऐसे में बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने प्रचार के आख़िरी दिन बीजापुर के भैरमगढ़ ब्लॉक के विभिन्न गांवों का दौरा कर धुआँधार प्रचार करते हुए बस्तर लोक सभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा और कांग्रेस पार्टी के लिए क्षेत्र के मतदाताओं से वोट मांगा।

बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के पास युवाओं के लिए रोज़गार को लेकर कोई योजना नहीं है। महंगाई को लेकर भाजपा कुछ भी नहीं कहती भाजपा ने किसानों के क़र्ज़ माफ़ी का वादा किया था लेकिन चुनाव के बाद भाजपा किसानों के क़र्ज़ माफ़ी के वादे को पूरा नहीं किया महिलाओं से किए गए वादों की पूरा नहीं किया जिससे मतदाताओं में भाजपा को लेकर पूरे देश में विरोध का माहौल है। वहीं विक्रम मंडावी ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनते ही हर ग़रीब महिला को साल में एक लाख रुपये, केंद्र सरकार में ख़ाली पड़े तीस लाख पदों की भर्ती, हर डिग्री और डिप्लोमा धारी को साल में एक लाख रुपये देने जैसे पाँच गारंटियाँ आई है केंद्र में कांर्ग्स पार्टी की सरकार बनते ही इस पर काम शुरू हो जाएगा।

विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी और बस्तर लोक सभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा को लेकर मतदाताओं में ज़बरदस्त उत्साह का माहौल है कवासी लखमा बस्तर से हेतिहासिक जीत हासिल करेंगे पूरे बस्तर लोक सभा क्षेत्र के मतदाता कवासी लखमा के साथ है।

## साहू समाज की बैठक में कई विषयों पर चर्चा



**राजिम, 18 अप्रैल।** परिक्षेत्र साहू समाज चंपारण(नवागांव) की सामाजिक बैठक नवागांव में संपन्न हुआ। इस बैठक में सामाजिक गतिविधि, सामाजिक एकजुटता पर चर्चा करते हुए समाज मे आए हुए विभिन्न प्रकरणों का निराकरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता कर्मा के पूजा अर्चना के साथ हुआ।इस अवसर पर परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू ने कहा कि संगठित समाज ही विकास की दिशा में आगे बढ़ सकता है। समाज की मजबूती के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए. किसी भी समाज में युवाओं के बिना समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती है. सामाजिक एकता विपरीत परिस्थिति में भी एक दूसरे की को मदद करने के लिए प्रेरित करता है. उन्होंने आगे शिक्षा और संस्कार पर जोर देते हुए कहा की शिक्षित समाज उन्नति की शिखर पर चढ़ सकता है. हमें अपने माता, पिता और बड़े बुजुर्गो का हमेशा सम्मान करना चाहिए.इस अवसर पर परिक्षेत्र साहू समाज चंपारण्य (नवागांव) के अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू,उपाध्यक्ष गंगू राम साहू,रमा साहू, संरक्षक शोभाराम साहू,भुवन साहू,तहसील कोषाध्यक्ष परदेशी राम साहू,सचिव कृष्णकुमार अंकेक्षक पारसमणी साहू,पूरन लाल साहू गुहाराम साहू ,हीरालाल साहू,, बालमकुन्द साहू, साहू, श्यामलाल साहू,सरोज साहू,गीता साहू,पार्वती साहू,मतवार साहू, पुरषोत्तम साहू,तीजलाल साहू, सामाजिक पदाधिकारीगण व स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।*

## हायर सेकेण्डरी कुमरदा में वंदना गुहा प्रथम स्थान में रही



**कुमरदा।** हायर सेकेण्डरी कुमरदा में अल्पना एवं प्रेरणा प्रथम स्थान में रही हायर सेकेण्डरी कुमरदा का परीक्षा परिणाम प्राचार्य मिलापदास साहू ने घोषित करते हुए सफल विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी, असफल विद्यार्थियों को निराश न होकर अपनी असफलता के कारण को दूर कर कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया ग्रीष्मकालीन अवकाश में अगले वर्ष की पुस्तकों के साथ ही साथ कम्प्यूटर सामान्य ज्ञान अच्छी पुस्तक को पढ़ने की नसीहत दिया। कक्षा 9 वीं का परीक्षा परिणाम 60 प्रतिशत एवं ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा कक्षा 9 वीं में कुमारी हेमा 87 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त की कुमारी नेहा द्वितीय एवं कुमारी कुसुमलता तृतीय स्थान प्राप्त की। ग्यारहवीं वाणिज्य संकाय में कुमारी अल्पना 92.20 प्रतिशत कुमारी तनूजा 91.20 प्रतिशत एवं कुमारी नीलम 81.40 प्रतिशत अंक प्राप्त की। ग्यारहवीं विज्ञान संकाय में कुमारी वंदना गुहा 93.20 प्रतिशत अंक लेकर कक्षा एवं शाला में प्रथम रही कुमारी प्रेरणा श्रीवास 92.20 प्रतिशत द्वितीय एवं कुमारी तरूणा 88 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान में रही इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी मनोज शर्मा अखिल पटेल बसंत यादव वी के वैष्णव सुरेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# हर वर्ग के विकास की गारंटी है मोदी की गारंटी:गीता



**राजनांदगाँव।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने कहा है कि भाजपा का संकल्प पत्र और उसमें किए गए वादे ही मोदी की गारंटी है। भाजपा ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में भारत ने ऐतिहासिक रूप से पूरे विश्व में अपने विकास का लोहा मनवाया है। भारत आज हर क्षेत्र में तेजगति से बढ़ने वाले देशों में शुमार हो चुका है। यूपीए की सरकार के मंदी के दौर से निकलकर आज भारत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है। भाजपा के संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी है कि 2029 तक भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के साथ ही 2047 तक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। वह दिन अब दूर नहीं कि भारत विश्व गुरू कहलाएगा।अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा कि मोदी के गारंटी में भाजपा ने गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी शक्ति पर फोकस किया है। भाजपा की थीम है बीजेपी का संकल्प, मोदी की गारंटी। जिसमें देश के सभी वर्गों के विकास की

बातें समाहित है। प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को और इसमें अधिक से अधिक लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं। अब 3 करोड़ और गरीब परिवारों को पीएम आवास दिया जाएगा। इसके साथ ही 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी की योजना चलेगी। संकल्प पत्र में विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ - युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। पिछले 10 वर्ष, नारी गरिमा, नारी को नए अवसरों को समर्पित रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष नारीशक्ति की नई भागीदारी के होंगे।संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी। हम ये सुनिश्चित करेंगे कि गरीब के भोजन की थाली पोषणयुक्त हो ताकि एक स्वस्थ्य भारत और गरीब मुक्त भारत का संकल्प पूरा हो सके।केंद्र की मोदी सरकार ने अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए 10 सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला, जो कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों की तुलना में ऐतिहासिक बदलाव हुआ है। 70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। अब मुद्रा लोन योजना के तहत मिलने वाले लोन को 10 लाख से 20 लाख रुपए कर दिया गया है। इसके अलावा निवेश को बढ़ाव देने और उद्योगों की स्थापना के जरिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।उन्होंने कहा कि आज भारत में गांवों में सड़कों की अधोसंरचना में क्रांतिकारी कार्य हुए हैं। 60,000 नए गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ा गया है। और बारहमासी सड़कें बनाई गई हैं। हमने कभी कल्पना नहीं की थी कि गांव सशक्त होंगे।

## स्काई डीजे के संग निकली रामनवमी की शोभायात्रा



**पत्थलगांव, 18 अप्रैल।** रामनवमी के पर्व को लेकर बुधवार की सुबह से ही मंदिरो मे विशेष अनुष्ठान शुरू हो गये थे। सत्यनारायण मंदिर सेवा समिती ने पंचमेला का प्रसाद के साथ भंडारे का शुभारंभ किया,जिसमे ग्रामीण क्षेत्रो से आये लोगो के अलावा शहरवासीयों ने भी भंडारे का भोजन छककर खाया। दोपहर पश्चात वानर सेना ने रामनवमी शोभायात्रा की अगुवाई को लेकर मोटरसायकल रैली का आयोजन किया। रैली मे सौ से भी अधिक युवक भगवा वस्त्र धारण कर अपनी वाहन मे भगवा ध्वज लहरा रहे थे,ये सभी जय श्री राम के नारे के साथ शहर के तीनो प्रमुख मार्गो का भ्रमण किये। रैली मे युवाओ का जोश देखते ही बन रहा था,वानर सेना बाईक रैली की अगुवाई कर रही थी,सुबह यहा के प्रमुख चौक को भी भगवामय कर दिया गया था,गगनचुंबी ध्वजो से चौक लहरा रहा था,जगह-जगह तोरण की साज सज्जा की गयी थी,बाहर से आये मुसाफिरो ने बुधवार को शहर का नाम मिनी अयोध्या भी रख दिया। इस मर्तबा रामनवमी का पर्व बेहद खास था,रामनवमी समिती के मुधुसुदन गोयल,प्रवीण गर्ग ने बताया कि पांच सौ साल का कठोर वक्त बिताने के बाद भगवान राम टेंट से निकलकर विशाल मंदिर मे विराजमान हुये है,जिसकी खुशी पूरा भारत देश मना रहा है। भगवान श्री राम का अयोध्या मंदिर मे विराजमान होने के बाद रामनवमी का यह पहला अवसर था,जिसे पूरे भारतवासियों ने प्रगट उत्सव के रूप मे मना कर भगवान राम को अपनी भक्ति का तिलक लगाया है। दिन बुधवार को दोपहर पश्चात रामनवमी समिती द्वारा प्रभु श्रीराम की विराट शोभायात्रा निकाली।।

**अघोरी,भूत पिशाच के साथ निकली शोभायात्रा-:**रामनवमी की शोभायात्रा की शोभा बढाने अनेक महानगरो से यहा विख्यात कलाकार आकर अपनी प्रतिभा दिखायी। शोभा यात्रा के व्यवस्थापक नवीन गर्ग,अमन गर्ग,श्यामु शर्मा,दिनेश मधुवन ने बताया कि मेरठ,वृंदावन एवं जबलपुर से राधाकृष्ण की झांकी के अलावा भूत पिशाच का दल एवं अघोरी नृतक दल को बुलाया गया था। उसके अलावा उज्जैन महाकालेश्वर आरती की तर्ज पर शिवशक्ति डमरू दल यहा पहुंचे थे,जिनकी वाद्यध्वनि एवं नृत्य ने सैकडो दर्शको का मन मोह लिया। दिन बुधवार को रामनवमी की शोभायात्रा मे स्काई डी.जे भी लोगो के बीच चर्चा का विषय बना रहा।।

**बनारस से आये महाआरती के पुरोहित-:**भगवान राम को शोभायात्रा के बाद विश्राम देने से पूर्व यहा के बस स्टैन्ड मे लगभग दो घंटे तक अनेक हैरत अंगेज कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी गयी। श्री रामनवमी महोत्सव समिती द्वारा प्रभु श्री राम की महाआरती के लिए बनारस से पांच पुरोहितो के दल को बुलाया गया था,जिन्होने गंगा आरती की तर्ज पर प्रभु श्रीराम की आरती 45 मिनट से भी अधिक देरी तक की,जिसे देखने के लिए यहा सैकडो की संख्या मे घंटो तक दर्शक पलके बिछाकर बैठे हुये थे। कार्यक्रम के बाद श्रीराम नवमी महोत्सव समिती ने श्रद्धालुओ के लिए राम भोज के रूप मे महाप्रसाद का आयोजन किया।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत फूड फेस्टिवल 19 से

**महासमुंद 18 अप्रैल ।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं, ताकि मतदाताओं को शत प्रतिशत एवं अनिवार्य मतदान के संबंध में जागरूक किया जा सके। स्थानीय बी टी आई रोड स्थित चौपाटी में तीन दिन तक फूड फेस्टिवल का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। यहां देशी और अलग-अलग तरह के व्यंजनों का लुत्फ उठाया जा सकता है। इसमें अलग अलग स्टॉल लगाया जा रहा है। इसके अलावा बच्चों के लिए खेल कार्नर, किड्स जोन और मनोरंजन के लिए प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति भी दी जाएगी। जिसका परिवार सहित आनंद उठा सकते हैं। फूड फेस्टिवल 19, 20, 21 अप्रैल को संध्या 5ः00 बजे से रात्रि 10ः00 बजे तक आयोजित होगा।

### घोटाले की सरकार के मुखिया को जनता सबक सिखाएगी:अनुज शर्मा

**राजनंदगांव,18 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के धरसीवा क्षेत्र के विधायक, छालीवुड अभिनेता पद्मश्री अनुज शर्मा एवम पूर्व सांसद अभिषेक सिंह आज भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में चुनाव प्रचार करने राजनंदगांव पहुंचे, और अपने विशिष्ट अंदाज में मतदाताओं को कमल फूल छाप में मतदान करने की अपील की। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ की फिल्मों के नायक अनुज शर्मा का राजनांदगांव के युवाओं व महिलाओं में अच्छा प्रभाव है। छालीवुड कलाकार अनुज शर्मा को देखने हेतु बड़ी संख्या में जनमानस उनकी सभा में उमड़ पड़े, वार्ड नंबर 37 आजाद वार्ड, कन्हारपुरी, नंदई में नगरवासियों व दक्षिण मंडल भाजपा के पदाधिकारी के साथ अनुज शर्मा ने लोगो का गीत संगीत और भजन के माध्यम से हास्य परिहास के बीच मनोरंजन के साथ गंभीरता के शब्द भी लोगों से कहे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने किसानों को कर्ज माफी का झुनझूना पकड़ा कर खुश करने की कोशिश की और बाकी सभी वर्गों के साथ घोटाले पर घोटाले किए। उन्होंने इतने घोटाले किए कि छत्तीसगढ़ को 5 वर्षों तक शराब घोटाले के नाम से जाना जाने लगा। इसके साथ ही कोयला परिवहन घोटाला, पीएम गरीब अन्न योजना में करोड़ों का घोटाला, गोठान घोटाला माफिया सरकार के माध्यम से अवैध वसूली इत्यादि घोटाले करते हुए भूपेश बघेल ने महादेव एप के नाम से युवाओं को जुआ एवं सट्टे में सराबोर कर दिया।

## रामनवमी एवं अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने की तैयारी

**बीजापुर, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रामनवमी तथा 10 मई को अक्षय तृतीया पर्व है। हिंदु मान्यता के अनुसार इस अवसर पर कोई भी कार्य करने के लिए शुभ माना जाता है। जिसके लिए किसी विषेष मुहूर्त की आवश्यकता नहीं होती है, जिस कारण इन पर्व के दिन बाल विवाह की संभावना को देखते हुए कलेक्टर के निर्देशानुसार बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला बाल संरक्षण की टीम सक्रिय है। बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं, कानूनन अपराध भी है, जिसके लिए 18 वर्ष के पूर्व लड़की तथा 21 वर्ष से पूर्व लड़के का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है। जिसके लिए कानून में कठोर दंड का प्रावधान है। जिसके अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर-वधु के माता-पिता, विवाह में शामिल होने वाले सगे संबंधियों, बाराती, समाज, यहां तक कि विवाह कराने वाले विभिन्न समुदाय के धार्मिक प्रमुख जैसे मौलवी, पास्टर, पुरोहित पर भी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण, शिशु मृत्यु दर के साथ-साथ बालिकाओं में एनीमिया तथा घरेलू हिंसा में भी वृद्धि होती है। जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा संचालित विभागों एवं सर्व समाज के प्रमुखों, मैरिज हॉल, प्रिटिंग प्रेस के संचालकों, पंचायत के सरपंच, सचिव, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के माध्यम से बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्रवाई किये जाने के निर्देश जारी किए गए है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि जिले में बाल विवाह कराए जाने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल उसकी सूचना जिला बाल संरक्षण इकाई, परियोजना अधिकारी, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा थाना चौकी प्रभारी, आपातकालीन नम्बर 112 पर सूचना देकर बाल विवाह की रोकथाम में अपना सहयोग प्रदान करें।

## विस्फोटक सहित माओवादी पकड़ाया



**बीजापुर, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** माओवादी विरोधी अभियान के दौरान थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत पालनार टोण्डापारा के जंगल से विस्फोटक एवं प्रतिबंधित माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री सहित 01 माओवादी एवं 01 विधि से संघर्षरत बालक पकड़ाये डीआरजी बीजापुर एवं थाना गंगालूर की संयुक्त कार्यवाही जिले में संचालित माओवादी विरोधी अभियान के दौरान डीआरजी बीजापुर की टीम दिनांक 16/04/2024 को माओवादी विरोधी अभियान पर पालनार की ओर निकली थी । अभियान के दौरान सुरक्षा बल द्वारा पालनार टोण्डापारा के जंगल में पुलिस पार्टी को देखकर लुकते छिपते 02 संदिग्ध को पकड़ा गया, जिनसे पूछताछ करने पर अपना नाम 1 मंगू पूनेम पिता शत्रु पूनेम उम्र 21 निवासी पुसनार धुर्वापारा थाना गंगालूर बीजापुर 2.विधि से संघर्षरत बालक पकड़े गये संदिग्धों के कब्जे से 01 नग टिफिन बम 03 किग्रा, पेंसिल सेल 06 नग, सेफ्टी फ्यूज, प्रतिबंधित माओवादी संगठन की प्रचार प्रसार की सामग्री बरामद किया गया ।पकड़े गये संदिग्धों के विरूद्ध थाना गंगालूर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है एवं विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है ।

## एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य पहचान पत्रों द्वारा मतदाता कर सकेंगे मतदान

**बीजापुर, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान केंद्रों में मतदाताओं को मतदान करने में सहायता हेतु दिशा-निर्देश जारी कर एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गयी है। कोई भी मतदाता, मतदाता पहचान पत्र के अलावा इन 12 प्रकार के पहचान पत्रों को अपने सम्बधित मतदान केन्द्रों में प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं। जिसके तहत आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी किया गया शासकीय पहचान पत्र एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी युनिक निःशक्तता पहचान पत्र (यूडीआईडी) के माध्यम से मतदान किया जा सकता है।

## कांग्रेसमुक्त का जुमला देने वालों की पार्टी हो रही कांग्रेसयुक्त : विनोद चंद्राकर



**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ईडी, आईटी आदि जांच एजेंसियों द्वारा जिस नेता के खिलाफ दागी व भ्रष्टाचारी होने का आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया है, उन्हीं नेताओं को भाजपा अपने पार्टी में शामिल कर लोकसभा प्रत्याशी बना रहे हैं। 400 सीट जीतने का नारा देने वाली पार्टी को अपने कार्यकर्ताओं व नेताओं पर भरोसा नहीं रहा, इसलिए दूसरे दलों के नेताओं को अपने पार्टी में शामिल करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे दल के नेता भ्रष्टाचार करते हैं तो उन पर ईडी, इनकम टैक्स की कार्रवाई होती है। और बीजेपी ज्वाइन करने के बाद वही नेता पाक साफ हो जाते हैं। पिछले दस सालों में बीजेपी ने क्या काम किए हैं, जनता सब जानती है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के वादाखिलाफी और जनविरोधी नीतियों के कारण अलोकप्रिय हो चुके भाजपाई अब इस लोकसभा चुनाव में केवल दल बदल के आसरे हैं। देश के लोकतांत्रिक इतिहास में पहली बार कोई सत्ताधारी दल दूसरे दलों के नेता, कार्यकर्ताओं को दल बदल कराने के लिए पृथक से प्रकोष्ठ बनाकर अपना कुनबा बढ़ाने की जुगत में है। कांग्रेस मुक्त भारत का जुमला देने वालों की अब हालात यह हो गई है की पूरी की पूरी पार्टी कांग्रेस युक्त होने लगी है। केवल राजनीतिक नेता और कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि अब तो दागी, भ्रष्टाचारी, अपराधी और हिस्ट्रीसीटरों को भी भाजपाई अपने दल में शामिल कर रही हैं। श्री चंद्राकर ने कहा है कि पूरे देश में भाजपा का यही चरित्र है कि जांच एजेंसियों के माध्यम से आरोप लगाओ, जेल जाने का डर दिखाओ और फिर अपनी पार्टी में शामिल करके सारे आरोपों से मुक्त कर दो। छत्तीसगढ़ में चिंतामणि महाराज चार महीने पहले जब कांग्रेस से सामरी के विधायक थे। तब उन्हें ईडी के तथाकथित परिवहन कोल घोटाले में आरोपी बताया गया। लेकिन, अब वे भाजपा में जाकर सरगुजा लोकसभा से प्रत्याशी बना दिये गये। यही नहीं ईडी द्वारा ईओडब्लू को एफआईआर दर्ज करने के लिये लिखे गये पत्र में दसवे क्रम में उनका नाम था लेकिन भाजपा में शामिल होने के बाद ईओडब्लू के दायरे से बाहर हो गये। चंद्राकर ने कहा हरियाणा में नवीन जिंदल, महाराष्ट्र में अशोक चौहान, एकनाथ शिंदे, नारायण राणे, अजीत पवार, कर्नाटक में रेड्डी बंधू और येदुरप्पा, पश्चिम बंगाल में मुकुल राय और शुभेंदु अधिकारी जैसे अनेको उदाहरण हैं। छगन भुजबल जब भाजपा के विरोधी थे, 2016 में महाराष्ट्र सदन घोटाला के आरोपी थे, भाजपा में शामिल होने के बाद ईडी ने बाकायदा न्यायालय में आवेदन देकर उनके खिलाफ मामला वापस ले लिया। इसी तरह प्रफुल्ल पटेल जब भाजपा के विरोध में थे 840 करोड़ के विमान घोटाले के आरोपी थे, बीजेपी में शामिल होने के बाद सीबीआई ने उन्हें क्लीन चिट दे दिया।

हेमंता बिसवा सरमा जब कांग्रेस में थे तब जल घोटाला, जमीन घोटाला, शारदा, नरदा चिटफंड के आरोपी थे, भाजपा में शामिल होकर पिछले दो बार से असम के मुख्यमंत्री हैं। छत्तीसगढ़ में भी यही सिलसिला चल रहा है। भाजपा के डर और लालच की राजनीति का जवाब जनता चुनाव में भाजपा के खिलाफ़ मतदान करके देगी।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में चार मवेशियों की मौत, बेरिकेड्स की उठी मांग



भखारा, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कुरुद विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम कचना में मध्यरात्रि में सड़क किनारे बैठे लगभग एक दर्जन मवेशियों को अज्ञात वाहन ने चपेट में लेकर घायल कर दिया है जिसमें चार मवेशियों का घटना स्थल पर ही मौत हों गयी है बांकी मवेशियों का स्थानीय पशु चिकित्सा द्वारा ईलाज किया जा रहा है बसपा नेता आशीष रात्रे ने जिला प्रशासन से मांग कि है कि ग्राम कचना में आये दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है कभी इंसान तो कभी मवेशी चपेट में आ रहे है प्रशासन से पूर्व में मांग की जा चुकी है कि चौराहे पर बेरीकेट्स लगाया जाए ताकि दुर्घटना को रोका जा सके। ज्ञात हो कि जब से पुरानी धमतरी रायपुर सड़क निर्माण हुआ है तब से आवाजाही इस रोड पर तेजी से बढ़ रही है रात्रि में तो बेधड़क ट्रकों का आवाजाही रहती है प्रशासन का कोई हस्तक्षेप नहीं रहता ऐसे ही प्रशासन का रवैया रहा तो आने वाले समय में ग्रामीणों का गुस्सा प्रशासन के खिलाफ कभी भी फुट सकता है जल्द ही बेरीकेट्स नहीं लगाया जाता है तो ग्रामीण चक्काजाम करने की चेतावनी शासन प्रशासन को दी है।

### मोटरसाइकिल से अवैध शराब की तस्करी करते दो गिरफ्तार



बलौदाबाजार, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन में, अविनाश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, आशीष अरोरा एसडीओपी भाटापारा एवं निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण के मार्गदर्शन में एवं उप निरीक्षक किशन कुंभकार प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस सहायता केंद्र निपनिया पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 16.04.2024 को पुलिस सहायता केंद्र निपनिया की पुलिस टीम द्वारा खेल मैदान के सामने मेनरोड निपनिया में मोटरसाइकिल के माध्यम से अवैध रूप से शराब ले जाते हुए ग्राम भोथीडीह निवासी 02 शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों 3550 कीमत मूल्य का 31 पाव देशी मसाला एवं अंग्रेजी गोवा शराब सहित अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस ष्ट22 4578 जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम शंकर उर्फराकेश सेन पिता रमेश सेन उम्र 24 वर्ष ग्राम भोथीडीह थाना भाटापारा ग्रामीण, सावन कुमार ध्रुव पिता बाली राम ध्रुव उम्र 32 वर्ष ग्राम भोथीडीह थाना भाटापारा ग्रामीण हैं।

# भाटापारा रामलीलाः नन्हे कलाकारों ने किया हनुमान चालीसा का सौवां पाठ

## बच्चों के धर्म कार्य को लोगों ने सराहा, सुन्दरकाण्ड पाठ का भी हुआ आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भाटापारा, 18 अप्रैल। भाटापारा की ऐतिहासिक 105 वर्ष प्राचीन आदर्श रामलीला नाटक मंडली स्थापित सन 1920 के नन्हे कलाकारों के द्वारा अपने धर्म और संस्कृति से जुड़ते हुए ऐतिहासिक रूप से आदर्श रामलीला हनुमान चालीसा पाठ समिति का निर्माण कर प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को हनुमान चालीसा का 11 पाठ बच्चो के द्वारा किया जा रहा था जिसका आरंभ 6 मई 2023 से हुआ था, समिति ने 16 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को 100 वां पाठ पूर्ण किया। जिसके उपलक्ष्य में रामलीला कार्यालय में पंचमुखी सुंदरकांड पाठ समिति के द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। 100 वां हनुमान चालीसा पाठ एवँ सुंदरकांड पाठ में भाटापारा नगर के युवा, वरिष्ठ एवँ सभी वर्ग के लोग उपस्थित रहे। उपस्थित जनों ने एवं वरिष्ठ जनो की तरफसे देवेंद्र बाबू भृगु ने नन्हे बच्चो को देखकर आश्चर्य माना कि जिनको अपने स्कूल की हिंदी किताबो को पढ़ने में असुविधा होती है वे 8 - 9 वर्ष के उम्र के बच्चे रामलीला के कार्यालय में हनुमान चालीसा का फर्राटे से पाठ कर रहे है वही इतना लंबा समय तय कर हनुमान चालीसा का 100 पाठ तक छोटे बच्चे जो भाटापारा के इस ऐतिहासिक रामलीला के कलाकार भी है उन्होंने सम्पन्न किया। सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नित्य इसी तरह भगवान के कार्य मे लगे रहने की प्रेरणा दी। वही उपस्थित सभी लोगो से इन नन्हे बच्चो से प्रेरणा लेकर अपने आसपास एवँ परिवारजनों के बच्चो में जागरूकता फैलाते हुये अपने समाज, धर्म, संस्कृति से जुड़कर अपने रामायण, मानस, पुराण में मर्यादा को सुशोभित करने वाले चरित्रों को सार्थक करने एवं परिचित होने व करने की बात कही। वही उपस्थित जनों ने आदर्श रामलीला हनुमान चालीसा पाठ समिति के नन्हे व बड़े सदस्य

श्याम मल, लव शर्मा, काव्यांश शर्मा, जय मल, निलेश मल, अभी अग्रवाल, अक्षत जोशी, आदित्य जोशी, धर्मपाल सोनी, आदित्य सोनी, नमन मल, कार्तिकेय पांडे, वैभव तिवारी, प्रहस्त सिंह सेंगर, लक्ष्य चौरसिया, आयुष तिवारी, शौर्य मिश्रा, सुयश शर्मा, मुकुल शर्मा, अभिनव मिश्रा, राघव नथानी, सुयश नथानी, केशव लाहोटी, सागर जयसवाल, हर्ष गुप्ता, अग्रंश शर्मा, अद्यांश मिश्रा (मंगल) सभी को शुभकामनाएं एवँ बधाई देते हुए उनके कार्यो को सराहा। कार्यक्रम में आदर्श रामलीला समिति के बाबू शुक्ला, हेमंत मल, बजरंग चौरसिया, शिव गुप्ता, पूर्णेन्दु त्रिवेदी, प्रकाश शर्मा, देवनारायण शर्मा, रामजी जोशी, मोनू मल, कोमल शर्मा भी उपस्थित रहे।

अंत मे रामलीला के सचिव कोमल शर्मा द्वारा बताया गया कि पढ़ने वाले बच्चो में अपने पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से इस वर्ष परीक्षा परिणामो में कुछ प्रतिभाशाली कलाकार छात्रों को नगद पुरुस्कार राशि से पुरुस्कृत एवं सम्मानित किसी गुप्त रामभक्त के द्वारा किया जाएगा।

## गार्डन चौक में स्वीप संध्या सह स्वीप मेला का आयोजन

# गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया मतदान का संदेश

- कलेक्टर ने स्वीप मेले में स्वादिष्ट व्यंजनों का लिया स्वाद
- छत्तीसगढ़ी बोली में ली गई मतदान की शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




बलौदाबाजार, 18 अप्रैल। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल.चौहान के मार्गदर्शन स्वीप अन्तर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम निरंतर जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को बलौदाबाजार के गार्डन चौक में स्वीप संध्या सह स्वीप मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के द्वारा गीत, संगीत, नृत्य व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान का संदेश दिया गया।

स्वीप मेले में स्कूली बच्चों के द्वारा छत्तीसगढ़ी एवं अन्य कई तरह के व्यंजन एवं पेय पदार्थ के स्टॉल बिक्री हेतु लगाए गए थे जिनमें व्यंजनों के नाम स्वीप से जोड़कर रखा गया था जैसे स्वीप बड़ा, स्वीप मंगोड़ी, स्वीप आलू चाप, स्वीप गढ़कलेवा, स्वीप बॉम्बे भेल, स्वीप पानी पूरी, स्वीप चाय- कॉफी, आम पना आदि। कलेक्टर चौहान ने स्टालों का अवलोकन करते हुए सपरिवार स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद लिए। उन्होंने गेम जोन में गेम खेलकर ब्च्चों का उत्साहवर्धन भी किया। इसके पश्चत कलेक्टर चौहान ने उपस्थित छात्र -छात्राओ, शिक्षकों, अधिकारी - कर्मचारी एवं नागरिकों को छत्तीसगढ़ी बोली में मतदान शपथ दिलाई। उन्होंने 7 मई को मतदान अवश्य करने की अपील भी की। इसके साथ ही शिक्षक जगदीश साहू द्वारा रचित मतदान गीत वोट डाले जाहु का विमोचन भी किया गया।

**इन संस्थाओं के विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति-** स्वीप संध्या में गीत, नृत्य व नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक व विद्यार्थियों के द्वारा दी गई। इसमें सुर ओ चंदन संगीत एजुकेशन द्वारा मतदान गीत, सैकरेड हार्ट हाई स्कूल बलौदाबाजार द्वारा देश भक्ति गीत, गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल द्वारा समूह नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक, स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल बलौदाबाजार द्वारा समूह नृत्य, नुक्कड़ नाटक एवं समूह गान, दाऊ कल्याण सिंह शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार द्वारा समूह नृत्य तथा वर्धमान विद्यापीठ द्वारा समूह नृत्य शामिल है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, एसडीएम अमित गुप्ता, बीआर ध्रुव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरआर दुबे सहित अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, छात्र- छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### गांव में उत्पात मचाने वाले छः लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



बलौदाबाजार, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में असामाजिक तत्वो के विरूद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अजय झा के दिशा निर्देश में थाना सिटी कोताली के इस्तगासा क्रमांक 34/2024 धारा 151, 107, 116(3) जाफौ के अनावेदगणो के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। आरोपियों के नाम- कमल यदु पिता संतोष यदु, उम्र 22 वर्ष, सुमित चन्द्राकर पिता रामकुमार चन्द्राकर, उम्र 22 वर्ष, समीर त्साहू पिता रामप्रताप साहू, उम्र 19 साल, अश्वनी विश्वकर्मा पिता खीखाराम विश्वकर्मा, उम्र 25 वर्ष, अमित साहू पिता संतोष साहू, उम्र 19 वर्ष, कौशल पिता दशरथ साहू उम्र 39 वर्ष सभी निवासी ग्राम डमरू थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. है।

मामले का विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी एवं अनावेदकगण आपस में एक ही गांव के निवासी है 15 अप्रैल को साक्षी के घर में ननद की शादी का चुलमाटी कार्यक्रम था, जिसमें अनावेदकगण द्वारा हम भी नाचेंगे कहकर विवाद कर गाली गलौज किया था, जिस संबंध में आज दिनांक को गांव में बैठक किया जाकर थाना में सूचना आवेदन दी गई थी. जहां पर पुलिस की उपस्थिति में समझाइस दी जा रही थी, जहाँ पर अनावेदकगण द्वारा आकोशित होकर साक्षीगण व गांव के लोगों को तुमको देख लूंगा कहते हुए गाली गलौज कर मारपीट पर उतारू हो गये, मौके पर अनावेदकगण को गिरफ्तार नहीं किए जाने की दशा में निश्चित ही एक दूसरे को चोट पहुंचाकर गंभीर अपराध घटित करने की पूर्ण आशंका व संद्रीय अपराध घटित करने से रोकने व शांति कायम करने हेतु अनावेदकगण के गिरफ्तारी के अलावा और कोई साधन नहीं होने से अनावेदक को धारा 151 जा. फौ. के तहत गिरफ्तार किया जाकर तरमीन धारा 107, 116 (3) जा.फौ. के तहत अधिक से अधिक राशि से प्रतिबंधित करने का इस्तागासा प्रस्तुत किया है सभी आरोपीगणों के विरूद्ध धारा 151/107, 116(3) जाफौ का इस्तगाशा तैयार कर माननीय स्ष्टरून्यायालय मे पेश किया गया है जहां से सभी आरोपियो को जेल भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में प्र आर. संजय ठाकुर आर. तुलेश डडसेना, भुपेश यदु, उमा शंकर दीवान, का विशेष योगदान रहा।

### 2 शराब कोचिया को किया गया गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान सृजन के तहत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार अविनाश सिंह ठाकुर वं एसडीओपी निधी नाग के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी अजय झा के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 16/04/2024 को थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार से प्र आर. समीर शुक्ला एवं कृष्ण कुमार बरेठ, आरक्षक देव निराला, अश्वनी पैकरा, मो. अकरम महिला आर. मंजु वर्मा द्वारा आरोपियो से अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु रखने 02 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से कुल कुल 15.76 बल्क लीटर जिसमें हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब 10 लीटर एवं 32 गोवा स्पेशल व्हीस्की 5.76 बल्क लीटर जुमला किमती 6160 रूपये जप्त किया गया है। आरोपीयो के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में अपराध क्र. 279/2024, 280/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आबकारी एक्ट में गिरफ्तार आरोपी ङ्क01. राजेश कुमार घृतलहरे पिता सखाराम घृतलहरे उम्र 33 वर्ष साकिन नयापारा थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार (छग.) 02. बालक दास कोसले पिता उभेराम कोसले 19 वर्ष साकिन खैंदा (ड) थाना सिटी कोतवाली थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार छग है।

### रामनवमीं रैली




जगदलपुर, 18 अप्रैल। रामनवमीं पर सरयूपारीय ब्राह्मण समाज द्वारा विशाल रैली निकाला गई जो शहर के मुख्य भागों से होकर गुजरा।

छायाः शिव कुमार शुक्ला

# स्कूली बच्चों को मंदिर दर्शन कराया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 18 अप्रैल। महाश्वेता शिशु मंदिर सुपेला के स्कूली बच्चों को चैत्र नवरात्र के अष्टमी तिथि पर ग्राम - कौही स्तिथ स्वयंभू शिवलिंग, माता काली मंदिर का दर्शन कराया गया जहां स्कूली बच्चों ने आस्था के साथ माता काली व स्वयंभू शिवलिंग की पूजा अर्चना कर अपनी खुशहाली के लिए कामना की, इस अवसर पर प्रधान पाठक हितेंद्र कुमार साहू ने बताया कि शाला परिवार द्वारा समय-समय पर बच्चों को धार्मिक कार्यों में सहभागिता व आगे रखने हेतु शैक्षणिक भ्रमण की तर्ज पर मंदिर दर्शन कराते आ रहे है जिससे स्कूली बच्चों का धर्म के क्षेत्र में जुड़ाव रहे इस अवसर पर प्रधान पाठक हितेंद्र कुमार साहू, शिक्षक झानेंद्र साहू, राजेश दुबे, शिक्षिका कुलेश्वरी साहू, डिलेश्वरी विश्वकर्मा, चित्ररेखा साहू, तृप्ति सिन्हा सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने मंदिर दर्शन किये।



# चीतल का मांस बेचते शिकारी पकड़ाया, भेजा गया जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बलौदाबाजार, 18 अप्रैल। वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार मयंक अग्रवाल के निर्देशन एवं उप वनमण्डलाधिकारी कसडोल अक्षय दिनकर भोसले के नेतृत्व में वनों में अवैध शिकार करने वालों पर लगाम कसने हेतु वनों में सतत् गश्त किया जा रहा है। इसी तारतम्य में वन परिक्षेत्र देवपुर अन्तर्गत धमलपुरा बीट के कक्ष क्रमांक 292 के मुंशी तालाब मे 16 अप्रैल को अपरान्ह 4:10 बजे गश्त के दौरान वन्यप्राणी चीतल का मांस काटते हुए समारू बिसी वल्द उसत बिसी जाति सवरा 69 वर्षीय ग्राम धमलपुरा निवासी को रंगे हाथों पकड़ा गया। सर्च वारंट जारी किया जाकर उक्त अपराधी के निवास पर स्निफर डॉग की विशेष दल द्वारा तलाशी लेने पर 1 नग साही पोटा भी (Porcupine intestine) बरामद किया गया। उक्त अपराधी के विरूद्ध वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 39, 50, 51 के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 13231/23 दिनांक 16 अप्रैल जारी किया जाकर माननीय न्यायालय बलौदाबाजार के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर अपराधी को जिला जेल बलौदाबाजार भेज दिया गया है। गौरतलब है कि वन्यप्राणी चीतल वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की अनुसूची ढ्ढ, भाग के सरल क्रमांक 11 Spotted Deer/Chital (A&is a&is) के रूप में शामिल है।

उक्त प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही में उप वनमण्डलाधिकारी कसडोल,वन परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर (सा.), वन परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान (सा.) तथा देवपुर एवं सोनाखान वन परिक्षेत्र के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं सुरक्षा श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जल ही जीवन है इसे व्यर्थ न बहाए

## लोकसभा आम निर्वाचन-2024: 21 हजार दीप जलाकर दिया गया मतदान का संदेश

# दीपों के जगमगाया बलौदाबाजार, कलेक्टर ने शत-प्रतिशत मतदान की दिलाई शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बलौदाबाजार, 18 अप्रैल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के .एल. चौहान के निर्देश पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप अन्तर्गत बुधवार को नगर भवन बलौदाबाजार में स्वीप दीप का आयोजन किया गया। कलेक्टर के.एल. चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानन्द कुमार ने दीप प्रज्वलित कर स्वीप दीप का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में 21 हजार दीप जलाकर मतदान का संदेश दिया गया।दीपों के जगमग से बलौदाबाजार स्वीप लिखा आकृति रोशन होकर चमकने लगा।इसअवसर पर कलेक्टर चौहान ने शतप्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई।जिला स्तरीय इस कार्यक्रम में कलेक्टर ने उपस्थित लोगों को आगामी निर्वाचन में लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा बनाए रखते हुए किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का शत प्रतिशत उपयोग करने की शपथ दिलाई। उन्होंने 7 मई को सभी मतदाओं को अवश्य मतदान करने की अपील भी की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, एसडीएम अमित गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर डूबे एसडीओपी निधि नाग सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, समूह की महिलायें एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.202403092100093
अ/6 वर्ष 2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मो. नाहिद अंसारी आ. गुलाम नवी अंसारी जाति मुसलमान निवासी भगतसिंह चौक गांधी वार्ड नंबर 18 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ. ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के द्वारा अनावेदक अमनदीप सिंह भाटिया आ. हरचरण सिंह भाटिया जाति सिक्ख निवासी राजेन्द्र वार्ड नंबर 13 बुधवारी पारा डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) से नजूल नगर डोंगरगढ़ शीट क्रमांक 5 भूखण्ड क्रमांक 1417/5 क्षेत्रफल 572 वर्गफीट भूमि दुकान को विक्रयपत्र मूल्यवान के माध्यम से क्रय कर कब्जा प्राप्त किया है। आवेदक अब उपरोक्त भूमि/दुकान का एकमात्र स्वामित्व व आधिपत्यधारी है। अनावेदक का उपरोक्त भूमि/दुकान पर अब किसी भी प्रकार का कोई हक हिस्सा शेष नही है। आवेदक के नाम से नजूल नगर डोंगरगढ़ शीट क्रमांक 5 भूखण्ड क्रमांक 1417/5 क्षेत्रफल 572 वर्गफीट भूमि दुकान विलोपित कर अनावेदक का नाम नजूल अभिलेखों से विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 01/05/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनाँक 20/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़ (छ.ग)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.202404092100050
अ/6 वर्ष 2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक महेश कुमार तिवारी पिता चंद्रप्रकाश तिवारी जाति ब्राम्हण, निवासी पटेल वार्ड नंबर 17 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि अनावेदकगण (सुरेश शर्मा, गोविन्द शर्मा, गोपाल शर्मा तीनों पिता राधाकृष्ण शर्मा निवासी वार्ड नंबर 12 डोंगरगढ़, दुर्गा शर्मा पिता राधाकृष्ण शर्मा, सरस्वती शर्मा, विनीता चौबे) की शामिल शरीक सम्पत्ति भूमि नजूल नगर डोंगरगढ़ वार्ड नंबर 12 डोंगरगढ़ स्थित शीट क्रमांक 3, भूखण्ड क्रमांक 1353/2 में से 1224 वर्गफीट 24×51=1224, 113.713 वर्गमीटर भूमि को विक्रयपत्र मुल्यवान 15,30,000/- रूपये दिनांक 27/03/2024 के माध्यम से क्रय कर कब्जा प्राप्त कर लिया है। शीट क्रमांक 3. भूखण्ड क्रमांक 1353/2 में से 1224 वर्गफीट 24×51=1224, 113.713 वर्गमीटर भूमि के नजूल अभिलेखो में विक्रयपत्र के आधार पर आवेदक का नाम दर्ज करने का आदेश पारित किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 17/05/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.- 202404092100023
अ/6 वर्ष 2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक समीर शेंडे पिता स्व. नीलकंठ शेंडे जाति महार, निवासी कालकापारा, वार्ड नंबर 10 तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के शामिल सरीक खाते की भूखण्ड नजूल शहर डोंगरगढ़ के शीट क्रमांक 6 कालकापारा में भूखण्ड क्रमांक 2216/12 क्षेत्रफल 2800 वर्गफुट स्थित है। उक्त भूखण्ड के बंटवारा हेतु आवेदक के द्वारा एक व्यवहार वाद क्रमांक 56ए/2023 पक्षकार समीर शेण्डे विरुद्ध आशा शेण्डे वगैरह माननीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 डोंगरगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया था जिसमें माननीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 के द्वारा दिनांक 22/02/2024 को निर्णय एवं डिक्री पारित किया गया है। माननीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 डोंगरगढ़ के द्वारा पारित निर्णय एवं डिक्री के अनुसार उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का खाता विभाजित कर नजुल अभिलेख दुरूस्त किया जाना न्यायोचित होगा। माननीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 डोंगरगढ़ के द्वारा दिनांक 22/02/2024 को पारित निर्णय एवं डिक्री के अनुसार नजूल शहर डोंगरगढ़ के शीट क्रमांक 6 कालकापारा में भूखण्ड क्रमांक 2216/12 क्षेत्रफल 2800 वर्गफुट का खातेदारों के मध्य खाता विभाजित कर नजूल अभिलेख दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 03/05/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)

## एक नजर

### सैनिकों ने खोला प्याऊ



**रायपुर, 18 अप्रैल।** सैनिक नगर चंगोराभाठा में वीर सैनिकों ने प्याऊ खोलकर लोगों की सेवा करने का प्रण लिया है। नगर निगम रायपुर के सभापति एवं पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने उद्घाटन किया। चंगोराभाठा सैनिक नगर में रिटायर फौजियों द्वारा सार्वजनिक प्याऊ खोलकर प्रतिदिन जल वितरण के माध्यम से सेवा करने का संकल्प लिया ।जिसका उद्घाटन नगर निगम रायपुर के सभापति प्रमोद दुबे ने किया। इस अवसर पर प्रमोद दुबे ने कहा कि चंगोराभाठा से हजारों लोग प्रतिदिन निकलते हैं ।खासकर मज़दूरों के लिए ये प्याऊ घर काफी उपयोगी साबित होगा। प्रमोद दुबे ने कहा कि उम्र भर देश की सीमा में सेवा करने के बाद अब जनता की सेवा करने से लोग प्रोत्साहित होते हैं ।इस अवसर पर फौजी बी सी ठाकुर, मूलचंद, दीपक सिन्हा, चन्द्रेश शर्मा, नागेंद्र सिंह, कुशलेश गौतम, रोहित गुप्ता, संजीव सोनी, राजेश तिवारी, अरुण बाजपेयी, विजय शर्मा, जगदीश सिंह, संजय चौबे, सूरज दुबे, राजकुमार दुबे, सुशील तिवारी, दिवाकर वर्मा, राजेंद्र पारख, संहित अनेक सैनिकों के परिजन उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ में एसी की नई रेंज पेश

**रायपुर, 18 अप्रैल।** एक प्रमुख डाइवर्सीफाइड टेक्नोलॉजी कंपनी पैनासोनिक लाइफसॉल्यूशंस इंडिया (पीएलएसआईएनडी) ने आज छत्तीसगढ़ के बाजार में 2024 के लिए अपने नए एयर कंडीशनर्स की श्रृंखला को लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने 60 मॉडल्स में 1.0, 1.5 और 2.0 टन के एयरकंडीशनर्स पेश किए हैं। एयर कंडीशनर्स की यह नई रेंज सभी प्रमुख रिटेल आउटलेट्स, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स और पैनासोनिक ब्रांड स्टोर पर उपलब्ध है। अभिषेक वर्मा, पीएमआईएन, पीएलएसआईएनडी, में एयर कंडीशनर्स ग्रुप के बिजनेस हेड ने कहा, हाल ही में छत्तीसगढ़ के उपभोक्ताओं के बीच कराई गई हमारी स्टडी में हमें एयरकंडीशनर के प्रयोग संबंधी लोगों की तरह-तरह की प्रमुख चिंताओं का पता चला है। स्टडी के अनुसार उपभोक्ताओं की मुख्य परेशानी रात में बार-बार एसी के तापमान को एडजस्ट करने, कूलिंग परफॉर्मेंस, आउटडोर यूनिट में जंग लगने और रखरखाव एवं सर्विसिंग की जरूरत से जुड़ी है। पैनासोनिक का नया एसी उपभोक्ताओं की उभरती जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। पैनासोनिक द्वारा लॉन्च किए गए भारत के पहले मैटर-इनेबल्ड एयर कंडीशनर न केवल इंटरऑपरेबिलिटी प्रदान करते हैं, बल्कि हमारी इको-टफकेसिंग की वजह से यह विश्वसनीय और टिकाउ भी हैं।

### इको सेफवायर्स 'एरिज़ो' का अनावरण

**रायपुर, 18 अप्रैल।** भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिकल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरण बनाने वाली प्रमुख कंपनी वी-गार्ड ने इलेक्ट्रिकल वायरिंग टेक्नोलॉजी में एक अग्रणी नवाचार, एरिज़ो वायर्स का अनावरण किया है। एरिज़ो वायर्स उन्नत ई-बीम टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित हैं। शून्य-हैलोजन के साथ कम-धुआँ दे कर उपभोक्ताओं को अद्वितीय मानसिक शांति प्रदान करने वाले एरिज़ो वायर्स ने विद्युत सुरक्षा और टिकाऊपन मानकों में एक नए युग की शुरुआत की है। भारत में घरों के तार और केबल के बाजार के लगातार 9त्न-10त्न की वृद्धि दर से बढ़ने से इसके 22-25, 000 करोड़ (भारतीय रुपए) तक पहुँचने का अनुमान है, और सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल समाधानों की माँग लगातार बढ़ रही है। एरिज़ो वायर्स, अपनी अत्याधुनिक ई-बीम प्रोसेसिंग टेक्निक के माध्यम से पारंपरिक एफआर पीवीसी वायर्स की तुलना में वर्तमान वहन क्षमता में उल्लेखनीय 75त्न वृद्धि पेश करते हुए इस माँग को सीधे पूरा करने का वादा करते हैं। यह उन्नत तकनीक एरिजो वायर्स की विद्युत और भौतिक शक्ति, दोनों को बढ़ाती है, जिससे ये 90 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर निरंतर संचालन के लिए उपयुक्त हो जाते हैं। इसके परिणामस्वरूप एरिज़ो वायर्स अत्यधिक गर्मी प्रतिरोधी, पिघलन-प्रतिरोधी और अग्निरोधी हैं, और शॉर्ट सर्किट और आग के खतरों के जोखिम को काफी कम कर देते हैं, जिससे घरों और व्यवसायों के लिए बढ़ी हुई सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

# अशोका बिरयानी में गटर साफ कर रहे दो कर्मचारियों की मौत

## समाचार संकलन के लिए गए पत्रकारों से बद्तमीजी




**रायपुर, 18 अप्रैल।** रायपुर के तेलीबांधा थाना अंतर्गत लाभंडी में स्थित अशोका बिरयानी में गटर टैंक की सफाई करने के दौरान दो कर्मचारियों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि कर्मचारी गटर साफ़करने टैंक में उतरे और गटर में फंस गए। वे बेहोश हो गए तथा दम घुटने से उनकी मौत हो गई। उन्हें बाहर निकाला गया और तत्काल वी केयर अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

मृतकों के नाम डेविड साहू पिता यशवंत राम उम्र 19साल निवासी खामहरिया जिला धमतरी, नीलकुमार पटेल पिता जगदीश पटेल उम्र 30 साल निवासी खुटादरहा जांजगीर जिला जांजगीर है। इस घटना की रिपोर्टिंग करने गए पत्रकारों व छायाकारों से अशोका बिरयानी के प्रबंधन ने न केवल बद्तमीजी की बल्कि





कर्मचारियों के साथ मिलकर पिटाई भी कर दी गई। प्रबंधन ने धमकी देते हुए कहा कि पत्रकारों को जो करना है कर लो, हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते। बताया जाता है कि रायपुर में अशोक बिरयानी की कई शाखाएं हैं। इस होटल में गंदगी और अव्यवस्था की पहले भी शिकायत आ चुकी है। सफाई का ध्यान नहीं रखा जाता है। गटर से बदबू उठती है। होटल के बाहर मुर्गा व बकरों के अवशेष बिखरे हुए देखे गए हैं। खाद्य विभाग ने कभी इस होटल की जांच नहीं की है।

# मुख्यमंत्री की उपस्थिति में बिलासपुर, कोरबा के भाजपा प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

## अंतिम दिन 19 अप्रैल को विकास उपाध्याय दाखिल करेंगे नाम निर्देशन पत्र

■ मुख्य नगर संवाददाता




**रायपुर, 18 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में आज मुख्यमंत्री की उपस्थिति में बिलासपुर के भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू एवं कोरबा की सरोज पांडेय ने विशाल रैली निकालकर नामांकन पत्र दाखिल किया। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। रायपुर लोकसभा से कल अंतिम दिन 19 अप्रैल को कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर छत्तीसगढ़ के सात लोकसभा क्षेत्रों के लिए नामांकन पत्र भरने की अंतिम 19 अप्रैल है। रायपुर में अभी तक 13 से अधिक प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय रायपुर लोकसभा से 19 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर एक विशाल रैली निकालकर अपनी राजनीतिक ताकत दिखाएंगे। सात लोकसभा क्षेत्रों के अंतर्गत सरगुजा से शशि सिंह और भाजपा के चिंतामणि महाराज ने नामांकन दाखिल कर दिया है। रायगढ़ से भाजपा के हृदय राम राठिया और कांग्रेस की मेनका सिंह आमने-सामने हैं। दुर्ग में विजय बघेल का मुकाबला कांग्रेस के राजेन्द्र साहू से है। इन दोनों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। रायुपर में भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल और कांग्रेस के विकास उपाध्याय ने सभी विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर लिया है। अब वे कार्यकर्ताओं एवं पार्षदों की बैठक लेकर दिशा-निर्देश दे रहे हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार प्रत्याशियों द्वारा भरे गए नामांकन पत्रों की संवीक्षा 20 अप्रैल को होगी। सात लोकसभा क्षेत्रों में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 15701 है। प्रदेश में युवा मतदाताओं की संख्या ज्यादा है।

राजधानी में पुलिस गश्त तेज

राजधानी में चुनाव की घोषणा के बाद आचार संहिता प्रभावशील है। यहां पर मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नकदी, शराब तथा महंगी वस्तुओं की जब्ती की जा रही है। मतदान दलों हेतु वाहनों की व्यवस्था की गई है। सी-विजिल में आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की जा सकती है। संपत्ति विरूपण के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# सीमेंट उद्योग पर बड़ी कंपनियों का एकाधिकार

## सीमेंट का दाम बढ़ने से लोग परेशान

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 18 अप्रैल।** प्रदेश में सीमेंट उद्योग पर बड़ी कंपनियों का एकाधिकार होता जा रहा है। इसके चलते अब वे सीमेंट के दाम अपने हिसाब से तय कर रहे हैं। बताया जाता है कि एक प्रतिष्ठित कंपनी ने दो सीमेंट प्लांट का अधिग्रहण कर लिया है तथा एक और सीमेंट प्लांट खोलने की तैयारी है।

मिली जानकारी के अनुसार रायपुर से लगे बलौदाबाजार जिले में सीमेंट फैक्ट्रियों की संख्या बढ़ती जा रही है। चांपा-जांजगीर जिले में स्थित एक सीमेंट फैक्ट्री के मालिक आए दिन बदल रहे हैं। इस कंपनी को गुजरात की एक प्रतिष्ठित कंपनी द्वारा खरीद ली गई है। बाम्बे-हावड़ा लाईन पर प्रतिष्ठित कंपनी द्वारा एक और सीमेंट प्लांट का अधिग्रहण कर लिया गया है तथा नया सीमेंट प्लांट शीघ्र लगाया जाएगा। इसके चलते इस ख्यातिनाम कंपनी का सीमेंट उद्योग पर एकाधिकार हो गया है। छत्तीसगढ़ में जामुल के पास एक सीमेंट संयंत्र है जो कि बीएसपी से कच्चा माल लेकर सीमेंट बनाता है। इस कंपनी के शेयर भी प्रतिष्ठित कंपनी के पास आ गए हैं। जिसके चलते छत्तीगसढ़ में सीमेंट के भाव बढ़ा दिए जाते हैं। राज्य शासन के उद्योग विभाग के अधिकारियों के अनुसार सीमेंट उद्योग में केंद्र सरकार का हस्तक्षेप होता है इसलिए यहां पर हम कुछ नहीं कर पाते। छत्तीसगढ़ में लाइम स्टोन की पट्टी कन्हान से लेकर छोटा नागपुर (टाटा नगर) तक फैली हुई है। यह पट्टी प्रदेश के कई प्रमुख जिलों से होकर गुजरती है जिसके कारण यहां पर अपने प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा सीमेंट उद्योग लगाया जा रहा है।

प्रदेश में सर्वाधिक सीमेंट संयंत्र होने के बावजूद राज्य में आम लोगों को महंगी दर पर सीमेंट खरीदने मजबूर होना पड़ रहा है। आए दिन ट्रांसपोर्टर तो कभी सीमेंट उद्योग कर्मचारी अपनी मांगों के लिए अड़ जाते हैं। जिसके कारण आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। आए दिन 10 से 20 रुपए प्रति बोरा सीमेंट के दाम बढ़ा दिए जाते हैं। भवन निर्माण में उपयोग में आने वाली रेत और ईंट का भाव सामान्य है लेकिन लोहे का रेट बढ़ता जा रहा है जिसके कारण आम लोग मकान नहीं बना पा रहे हैं।

# कबीर चौक के पास ओडिशा का गांजा तस्कर गिरफ्तार




**रायपुर, 18 अप्रैल।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

इसी कड़ी में 16 अप्रैल को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना सरस्वती नगर क्षेत्रांतर्गत कबीर चौक स्थित शनि मंदिर के पास एक व्यक्ति अपने चार पहिया वाहन में गांजा रखा है तथा कहीं जाने की फिराक में है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक अधीक्षक आजाद चौक अमन कुमार झा (भा.पु.से.) एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी सरस्वती नगर को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना सरस्वती नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये उक्त स्थान पर जाकर वाहन की पतासाजी करते हुए वाहन को चिन्हांकित किया गया। वाहन में एक व्यक्ति सवार था जिसने पूछताछ में अपना नाम नरेश निहाल होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके चारपहिया वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में गांजा रखा होना पाया गया।

### मतदान के लिए प्रेरित करने लॉन्च किया नया मल्टीमीडिया कैंपेन

**रायपुर, 18 अप्रैल।** बांगुर सीमेंट ने देश भर के नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए नए मल्टीमीडिया कैंपेन का अनावरण किया है। यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' देश को सोलिड यानि मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति के मतदान के महत्व पर रोशनी डालता है। यह कैंपेन आधुनिक है क्योंकि यह ब्राण्ड के पिछले बेहद लोकप्रिय कैंपेन का सीक्वल है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के साथ फिल्माया गया था। यह कैंपेन 'वोट सोलिड, देश सोलिड' का संदेश देता है। जिस तरह बांगुर सीमेंट सोलिड घर बनाने में मदद करता है, ठीक उसी तरह आप अपने मतदान के अधिकार का उपयोग कर देश को सोलिड बनाने में योगदान दे सकते हैं। इसके अलावा ब्राण्ड, अपनी वेबसाईट votekavachan.bangurcement.com पर 'वोट का वचन' के माध्यम से लोगों को मतदान की शपथ लेने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। बांगुर सीमेंट ने मतदान की हर शपथ के लिए 1 किलोग्राम सीमेंट दान में देने की शपथ ली है, जिसका उपयोग समाज कल्याण कार्यों में किया जाएगा। बांगुर सीमेंट इस प्रयोजन के लिए एनजीओ एवं स्वयं सहायता समूहों के साथ साझेदारी कर रहा है।

### बेटी बचाओ मंच ने मनाई रामनवमी



**रायपुर, 18 अप्रैल।** टिकरापारा बेटी बचाओ मंच ने रामनवमी अवसर पर टिकरापारा में राम जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया। भगवान राम की पूजाअर्चना, आरती तथा सुमधुर संगीतमय भजन व नृत्य के साथ हर्ष व उल्लासमय वातावरण मे संपन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने रामनवमी पर विस्तार से बताया। भगवान राम के मर्यादा पुरुषोत्तम स्वरूप को प्रतिपादित किया। उक्त अवसर पर ललित मिश्रा, अंजली यदु, लता चंद्राकर, आशा धीवर, सुप्रिया धूवारे, किरण कर्स, सरिता यदु, रुपा यदु, नीतू साहू, उषा श्रीवास, प्रतिमा यदु, रीना ठाकुर, संगीता यदु, स्मिता अवधिया, उषा यादव, सुलोचनी ठाकुर, बसंती यादव, कमला कौशिक, पूजा सिन्हा, राजकुमारी सोनी, हनु यादव, शिव कौशिक, रीता सहित पदाधिकारी व सदस्य गण शामिल थे।

# एनकाउंटर को फर्जी बताना जवानों के शौर्य का अपमान : शर्मा

**रायपुर, 18 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री विजय शर्मा ने 29 नक्सलियों के मारे जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इस एनकाउंटर को फर्जी बताने को जवानों के शौर्य का अपमान बताया है। शर्मा ने सवाल किया, 'जिन घायल जवानों से मैं अस्पताल में मिलकर आया हूँ, क्या वह भी फर्जी है? बघेल को इस बात का जवाब देना होगा।' बुधवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए शर्मा ने कहा कि 29 नक्सलियों का एनकाउंटर डीआरजी, CRPF, बस्तर फाइटर, CF, पुलिस विभाग के अधिकारियों और बहादुर जवानों के साहस और रणनीति का कमाल है। हमें उन पर गर्व है। यह प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा एनकाउंटर है। बघेल अपने झूठ और जवानों के अपमान के लिए जवानों और प्रदेश से बिना शर्त माफी मांगें।अन्यथा जनता उन्हें माफ नही करेगी। उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री शर्मा ने कहा कि यह वर्दीधारी सारे-के-सारे 29 लोग बंदूकधारी थे। उनके पास से एसएलआर, इंसास, एके-47, 303 राइफल्स, यह सब मिले हैं। भूपेश बघेल बताएँ कि क्या यह सब गलत है? पूरे समाज में इस तरह का भ्रम फैलाने की कोशिश एकदम गलत है। बघेल ने अपने शासनकाल में ढाई सौ सड़के बनाने के लिए कभी ध्यान नहीं दिया। 90 से अधिक पुल-पुलिया बनाने पर ध्यान नहीं दिया। कभी किसी ऑपरेशन के लिए भी पहल नहीं की। जब भाजपा के कार्यकर्ताओं की हत्या होती रही, आम ग्रामीण की, अन्य लोगों की हत्या होती रही तो घड़ियाली आँसू बहाते रहे और आज इस तरह झूठ फैला रहे हैं। शर्मा ने कहा कि नक्सली दलम ने पत्र जारी कर स्वीकार किया है कि हमारे अब तक 50 से ज्यादा साथी मारे गए हैं और पुलिस ने भी यही आँकड़ा जारी किया था। जवानों ने जान की बाजी लगाकर यह काम किया है।

### उपमुख्यमंत्री ने की पुलिस कमांडरों से बातचीत



**रायपुर, 18 अप्रैल।** अबूझमाड़ के हापाटोला में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के 29 नक्सलियों को मार गिराए जाने के बाद उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराने वाले पुलिस कमांडरों से बात कर उन्हें बधाई दी. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वीडियो कॉलिग के जरिए बात करते हुए जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए सावधानी बरतने की भी सलाह दी. उन्होंने कहा कि आईजी और एससी साहब से भी मेरी बात हुई है. अति उत्साह में कोई न आएं. सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें. हम सब आपकी चिंता में लगे हुए हैं. उन्होंने कहा कि कुछ ही ऐसा है (इनकाउंटर), तो पूरी योजना और सुरक्षा के साथ आगे बढ़ें. और बाकी दूसरी तरीके से भी उन लोगों (नक्सलियों) से बात कर रहे हैं. बता दें कि मुठभेड़ में छत्तीसगढ़ पुलिस के कई ऐसे कमांडर भी शामिल थे, जो अब तक 56 से लेकर 78 तक इनकाउंटर कर चुके हैं.

### विश्व लिवर दिवस पर रामकृष्ण हास्पिटल ने लोगों को किया जागरूक

# छग में अधिक शराब सेवन के कारण लिवर के मरीज ज्यादा

**रायपुर, 18 अप्रैल।** लिवर मानव शरीर के सबसे अहम अंगों में से एक है, महत्वपूर्ण अंग होने के बावजूद भारत समेत दुनिया भर में बडी संख्या में लोग फैटी लिवर की समस्या से जूझ रहें है। यह जीवन के लिए खतरा तो नहीं है, लेकिन इसकी लगातार अनदेखी करना खतरनाक हो सकता है।

रामकृष्ण केयर हास्पिटल के डॉ संदीप पाण्डे, डॉ. ललित निहाल, डॉ. अजीत मिश्रा एवं डॉ. धीरज प्रेमचंदानी ने आज विश्व लिवर दिवस पर लोगों को लिवर से संबंधित रोगों एवं बचाव हेतु कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की ।

लिवर की समस्या का मुख्य कारण लोगों की असंतुलित जीवनशैली है। आरामदेह एवं अव्यवस्थित जीवनशैली के चलते लोगों को अनेक तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण फैटी लिवर, लिवर के सूजन, सिरोसिस जैसी समस्याएं अधिक देखने में आ रही है। खानपान में अशुद्धता के चलते लिवर में परेशानी स्वाभाविक है वही अधिक अल्कोहल पीने से लिवर के कमजोर होने का खतरा हमेशा बना रहता है। आज कल मेटाबालिक एसोसियेटेड, फैटी लिवर डिसीज के रूप में एक नई तरह की समस्या भी देखने में आ रही है जिसे सामान्य भाषा में समझते तो अगर किसी को डायबिटिज, मोटापा या अनियंत्रित ब्लड प्रेशर जैसी समस्या है तो लिवर की बिमारी होने की आशंका बढ़ जाती है। कमर के आसपास फैट इकट्ठा हो रहा है या गर्दैन मोटी




और काली हो रही है तो यह भी लिवर की समस्या के प्रारंभिक संकेत है, ऐसी स्थिति में लिवर की जाँच अवश्य करानी चाहिए।

शुरूआती लक्षणों से संबंधित बिमारियों का पता लगाया जा सकता है जैसी सीधे हाथ में उपर की तरह थोडा भारीपन महसूस हो सकता है। गंभीरता बढ़ाने पर पैरो में सूजन, पेट का आकार, पेट में पानी इकट्ठा होने इत्यादि। लोगों को लिवर संबंधी कोई समस्या होने पर हेपेटाइटिस बी और सी की भी स्क्रीनिंग करा लेनी चाहिए। कभी जाने अनजाने में ड्रग्स के प्रयोग, असुरक्षित यौन संबंध जैसे कारणों से भी हेपेटाइटिस की आशंका रहती है। इस बिमारी का बचाव संभव है बशर्ते सही समय पर जॉच हो और सही उपचार हो।

लिवर को स्वास्थ्य रखने के लिए अच्छी डाईट और पर्याप्त एक्सरसाईज, भोजन में चीनी फैट कम से कम रखें। प्रोटीन का अनुपात बढ़ा कर रखना चाहिए, अगर शाकाहारी है तो पनीर, सोया, बादाम, अखरोट इत्यादि ड्राई फ्रूट्स का सेवन करना लाभदायक होगा। शाकाहारी नहीं है तो रेड मीट का सेवन कम करें इससे अच्छे मछली व अंडे है, चिकन का सेवन सप्ताह में एक या दो बार ही करें। रोजाना कम से कम पंद्रह मिनट हैवी एक्सरसाईज करना आवश्यक है। ब्रिक्स वाक वजन उठाने वाले एक्सरसाईज साइकिलिंग, पैडलिंग आदि लिवर के सेहतमंद रखने के लिए उपयोगी होते है।

# 2.80 लाख अनियमित कर्मियों ने भाजपा को दिया समर्थन

**रायपुर, 18 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ समेत देशभर में शुक्रवार 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान होना है. इस बीच भारतीय जनता पार्टी के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है. दरअसल, छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ एवं समस्त कर्मचारी संगठन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी को वोट देने का समर्थन पत्र लिखा है. संघ के प्रदेश अध्यक्ष रवि गढ़पाले ने इस समर्थन पत्र में लिखा- छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा की घोषणा पत्र में मोदी के गारंटी के मुताबिक 100 दिन के भीतर अनियमित कर्मचारियों के लिए कमेटी गठित की जाएगी. सरकार बनने के बाद इस वादे को पूरा कर दिया गया है। जिससे प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को विष्णु के सुशासन पर भरोसा है.

### प्रदेश अध्यक्ष ने कर्मचारियों का जताया आभार



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने 2 लाख 80 हजार कर्मचारियों द्वारा भाजपा को समर्थन देने हेतु आभार जताया है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव ने कहा भाजपा जो कहती है, वह करती है. उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ द्वारा प्रदेश के 2, 80, 000 अनियमित कर्मचारियों एवं उनके परिवार जनों ने भाजपा को अपना वोट देने के संबंध में समर्थन पत्र दिया है. उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी एवं विष्णु सरकार के सुशासन पर अपना विश्वास जताने वाले अनियमित कर्मचारियों का आभार जताता हूं. निश्चित ही भाजपा ही देशवासियों की चिंता कर हर वर्ग को न्याय देने का काम करती है और करती रहेगी.

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26